
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




प्रिंट और डीजिटल मीडिया में
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए
संपर्क करे
Mob.-:
9303289950
7987166110



वर्ष- 15 अंक - 196 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, मंगलवार 30 अप्रैल 2024 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### टेकमेटा के जंगलों में 7 नक्सली ढेर, भारी मात्रा में हथियार बरामद

**कांकेर।** जिले के धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्र टेकमेटा में डीआरजी और एसटीएफके जवानों को बड़ी कामयाबी हाथ लगी हैं। सुरक्षाबलों ने यहाँ मुठभेड़ में करीब 7 नक्सलियों को ढेर कर दिया। उनके पास से एके-47 समेत बड़ी संख्या में हथियार बरामद किए गए हैं। बताया गया है कि आज सुबह यह मुठभेड़ शुरू हुई थी। शुरुआत में तीन नक्सलियों के मारे जाने की खबर मिली, लेकिन आखिर में जानकारी सामने आई कि सात नक्सलियों को जवानों ने ढेर कर दिया हैं। इनमे दो महिला नक्सली भी शामिल हैं। इस मुठभेड़ की पुष्टि खुद आईजी सुंदरराज पी ने की हैं। राहत भरी खबर यह भी हैं कि इस एनकाउंटर में पुलिस को किसी तरह का नुकसान नहीं पहुंचा हैं।

### मौसमः कुछ स्थानों पर अंधड़-बारिश, इन इलाकों में बढ़ेगा तापमान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में आंधी, बारिश के बीच सोमवार से तापमान बढ़ने की संभावना है। वहीं कुछ स्थानों पर आंधी, बारिश की चेतावनी भी दी गई है। रविवार को रायपुर में 50 प्रतिशत बादल थे। सुबह कुछ देर तेज हवा चली. हवा के साथ उड़ती धूल से राहगीर परेशान हुए। अधिकतम तापमान में 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। दिनभर धूप-छांव का दौर चला। मौसम केंद्र के अनुसार सर्वाधिक तापमान दंतेवाड़ा में 41.6 डिग्री सेल्सियस था। अधिकतम तापमान रायपुर में 36.2, माना में 36.6, बिलासपुर में 33, पेण्ड्रारोड में 33.8, अंबिकापुर में 33.8, जगदलपुर में 40.2, दुर्ग में 40.8 और राजनांदगांव में 40 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

#### राजधानी में छाए रहेंगे आंशिक बादल

मौसम विभाग के अनुसार पिछली रात रायपुर का न्यूनतम तापमान 27.8 डिग्री सेल्सियस था। सोमवार को राजधानी रायपुर में आंशिक बादल छाए रहेंगे। यहां अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं प्रदेश के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी संभावित है। साथ छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं। वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: चरम उत्तर और चरम दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

# 7 सीटों का रण रोमांचक मोड़ पर!

## तीसरे चरण की 7 सीटों का विश्लेषण : कड़े मुकाबले में फँसी भाजपा की कई परंपरागत सीटें

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** दो चरणों का मतदान निपटने के बाद अब राजनीतिक दलों का पूरा जोर तीसरे और अंतिम चरण पर है। इसमें बाकी बची 7 सीटों पर मतदान होना है। पहले दौर में राज्य की इकलौती बस्तर सीट पर 19 अप्रैल को वोटिंग हुई थी, जबकि दूसरे दौर में 26 अप्रैल को कांकेर, महासमुंद और राजनांदगांव सीटों पर मतदान सम्पन्न हो चुका है। अब बाकी बची 7 सीटों के लिए राजनीतिक दल जोर आजमाइश कर रहे हैं। इन 7 सीटों पर मुकाबला बेहद रोमांचक होने के आसार है। इनमें से कोरबा को छोड़कर बाकी 6 सीटें रायपुर, सरगुजा, रायगढ़, जांजगीर चाम्पा, बिलासपुर और दुर्ग पर भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस इन सीटों को हथियाने के लिए जद्दोजहद करती रही है, लेकिन लम्बे समय से ये सीटें भाजपा का गढ़ बनी हुई हैं। इस बार इनमें से कई सीटों पर कड़े मुकाबले के आसार हैं।

छत्तीसगढ़ में तीसरे चरण का मतदान 7 मई को होना है। पहले दो चरणों के बाद तीसरे चरण के लिए कांग्रेस और भाजपा जोर आजमाइश कर रहे है। तीसरे चरण में जिन सीटों पर मुकाबला होना है, उनमें से ज्यादातर सीटें हाईप्रोफाइल है। इन सीटों पर कई दिग्गजों की किस्मत दाँव पर लगी हुई है। सभी सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। सिर्फ कोरबा सीट में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का उम्मीदवार कुछ मजबूत दिखता है, लेकिन यहां भी टक्कर भाजपा व कांग्रेस के ही बीच है। ऐसे में गोंगपा को मिलने वाले वोट जीत और हार का अंतर पैदा कर सकते हैं। दोनों दलों के लिए यह बड़ी चिंता है और यही कारण भी है कि इस क्षेत्र में प्रचार के लिए बड़े नेताओं को बुलाया जा रहा है।



### सरगुजा में इस बार महामुकाबला

सरगुजा सीट को भाजपा की परंपरागत सीट माना जाता है, लेकिन इस बार यहां बेहद कड़े मुकाबले के आसार हैं। दरअसल, यह सीट जातीय समीकरणों में फंसती दिख रही है। भाजपा ने यहां कुछ समय पहले ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले चिंतामणि महाराज को प्रत्याशी बनाया है तो कांग्रेस ने युवा और तेजतर्रार नेत्री शशि सिंह को मैदान में उतारा है। शशि पूर्व मंत्री तुलेश्वर सिंह की पुत्री है। राहुल गांधी की न्याय यात्रा के दौरान वे चर्चा में आई थी। उन्हें जमीनी स्तर पर काम करना पसंद है। शशि सिंह को टिकट मिलने के बाद कांग्रेस के स्थानीय नेता भी हैरान रह गए थे। माना जा रहा है कि इस सीट पर भाजपा व कांग्रेस के बीच इस बार महामुकाबला होने जा रहा है। 2019 में इस सीट से भाजपा की रेणुका सिंह ने जीत हासिल की थी। उन्हें केन्द्रीयमंत्री भी बनाया गया। सरगुजा में कुल 18 लाख 12 हजार 901 मतदाता हैं। भाजपा को अपनी यह सीट बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

### सीएम के क्षेत्र में भाजपा मजबूत

रायगढ़ लोकसभा सीट की बात करें तो इस सीट का आधा हिस्सा बिलासपुर तो आधा सरगुजा में पड़ता है। यहां लगातार 7 चुनाव से भाजपा जीत दर्ज करती आई है। प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय ने रायगढ़ को भाजपा का गढ़ बनाया। इस बार भी रायगढ़ सीट पर भाजपा की स्थिति मजबूत मानी जा रही है। भाजपा ने यहां से राधेश्याम राठिया को उम्मीदवार बनाया है, जबकि कांग्रेस से मेनका देवी सिंह मैदान में हैं। मेनका सिंह राजपरिवार से आती हैं। दोनों प्रत्याशी पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। राठिया विधानसभा चुनाव के लिए कई बार दावेदारी ठोकते रहे, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी। इसी तरह मेनका सिंह को भी पिछले चुनाव में टिकट मिलते-मिलते रह गई थी। मेनका सिंह पूर्व सांसद पुष्पादेवी की छोटी बहन हैं। तत्कालीन सारंगढ़ रियासत के राजा नरेश चंद्र के परिवार से ताल्लुक रखने वाली मेनका को भाजपा की कड़ी चुनौती से निपटना होगा। क्षेत्र में 18 लाख 29 हजार से ज्यादा मतदाता हैं।

### कोरबा में कांग्रेस की साख दांव पर

कांग्रेस ने 2019 में छत्तीसगढ़ की जिन 2 सीटों पर जीत हासिल की थी, उनमें से एक सीट कोरबा थी। पार्टी ने एक बार फिर अपनी निवर्तमान सांसद ज्योत्सना महंत को मैदान में उतारा है तो भाजपा ने दुर्ग की सांसद रही और पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पाण्डेय पर दाँव चला है। इस सीट को महंत परिवार का गढ़ माना जाता है, लेकिन इस बार कांग्रेस को यहां कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और वर्तमान में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत की पत्नी ज्योत्सना महंत पर इस बार कांग्रेस की साख बचाने का जिम्मा है। उन्हें सरोज पाण्डेय के रूप में कड़ी चुनौती मिल रही है। 2008 में अस्तित्व में आई कोरबा सीट पर हर बार सांसद बदलते रहे हैं। मतदाताओं का यह मूड़ भी कांग्रेस के लिए बड़ी चिंता है। इस लोकसभा क्षेत्र में कुल 13 लाख 40 हजार 544 मतदाता हैं। पिछली बार ज्योत्सना महंत ने भाजपा की ज्योतिनंद दुबे को 26 हजार से ज्यादा मतों से हराकर जीत हासिल की थी।

### बिलासपुर में स्थानीय-बाहरी प्रमुख मुद्दा

2019 का लोकसभा चुनाव भाजपा के अरुण साव ने करीब 1 लाख 42 हजार मतों के अंतर से जीता था। साव फिलहाल छत्तीसगढ़ सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं। इस लिहाज से बिलासपुर सीट पर उनकी प्रतिष्ठा सीधे तौर पर जुड़ी हुई है। इस बार भाजपा ने यहां से तोखन साहू को उतारा है, जो लोरमी क्षेत्र से विधायक रह चुके हैं। वे भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं कांग्रेस ने भिलाई नगर क्षेत्र के विधायक देवेन्द्र यादव को उतारकर यहां सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश की है। क्योंकि देवेन्द्र यादव को भिलाई से लाकर प्रत्याशी बनाया गया है, इसलिए भाजपा के लिए यह एक प्रमुख मुद्दा है। छात्र राजनीति से शुरूआत करने वाले देवेन्द्र यादव ने भिलाई में लगातार दो बार भाजपा के कद्दावर नेता प्रेमप्रकाश पाण्डेय को हराया है। जबकि इससे पहले वे भिलाई के महापौर भी रह चुके हैं। बिलासपुर यादव बाहुल्य क्षेत्र है। यहां 18 लाख 11 हजार 660 मतदाता हैं।

### रायपुर सीट पर कौन भारी?

1996 से भाजपा के कब्जे में रहने वाली रायपुर सीट पर सबकी निगाहें है। यहां भाजपा ने बृजमोहन अग्रवाल तो कांग्रेस ने विकास उपाध्याय को मैदान में उतारा है। बृजमोहन भाजपा के अजेय योद्धा हैं, जबकि विकास उपाध्याय पिछला विधानसभा चुनाव हार चुके हैं। इस सीट पर इस बार भी भाजपा का पलड़ा भारी दिखता है। बृजमोहन अग्रवाल का प्रभाव न केवल रायपुर अपितु पूरे छत्तीसगढ़ में हैं। इसके अलावा कांग्रेस के ही भीतर यह चर्चा चलती रही है कि पार्टी ने युवा के नाम पर डमी प्रत्याशी उतारा है। हालांकि कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय अपना पूरा जोर लगा रहे हैं। भाजपा इस सीट को पहले से ही जीता हुआ मानकर चल रही है। यहां कुल 23 लाख 63 हजार 691 मतदाता हैं। 2019 में रायपुर सीट भाजपा के सुनील सोनी ने कांग्रेस के प्रमोद दुबे को करीब साढ़े तीन लाख वोटों से हराकर जीती थी।

### दुर्ग में कांटे की टक्कर

दुर्ग लोकसभा सीट का हाल भी कमोबेश रायपुर जैसा ही है। हालांकि 2014 में कांग्रेस ने यहां से ताम्रध्वज साहू को उतारकर जातीय कार्ड खेला था, जिससे भाजपा को नुकसान उठाना पड़ा। दुर्ग सीट साहू बाहुल्य है। यही कारण है कि कांग्रेस ने यहां से जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष राजेन्द्र साहू को उतारा है, जबकि भाजपा के निवर्तमान सांसद विजय बघेल एक बार फिर प्रत्याशी है। बघेल कुर्मी समाज से आते हैं, जिनकी तादाद साहू समाज के बाद दूसरे नंबर है। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी कुर्मी समाज से हैं, ऐसे में आशंका है कि कुर्मी समाज विजय और भूपेश बघेल के फेर में बँट सकता है, जबकि साहू समाज एकजुट नजर आ रहा है। यही वजह है कि इस सीट पर कांटे के टक्कर की संभावना जताई जा रही है। यहां कुल 20 लाख 72 हजार 643 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे।

### जांजगीर में बराबरी का मुकाबला

जांजगीर चाम्पा लोकसभा सीट उन सीटों में शुमार है, जहां कांग्रेस ने अपने पूर्व मंत्रियों व कद्दावर नेताओं को उतारा है। यहां से पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री शिव डहरिया कांग्रेस उम्मीदवार हैं। भाजपा ने यहां से एक महिला कमलेश जांगड़े को टिकट दिया है। डहरिया तीन बार विधायक रह चुके हैं, जबकि भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े पहली बार चुनाव लड़ रही हैं। हालांकि उनके पास ग्रामीण राजनीति का खासा अनुभव है। वे दो बार सरपंच रह चुकी हैं। उन्हें सर्वश्रेष्ठ सरपंच का खिताब भी मिला। वर्तमान में जांगड़े जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष हैं। पिछले चुनाव में इस सीट पर भाजपा के गुहाराम अजगले ने 83 हजार से ज्यादा मतों से जीत हासिल की थी। कहा जा रहा है कि जांजगीर चाम्पा सीट पर कड़े मुकाबला हो सकता हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक यहां बराबरी के मुकाबले की संभावना जता रहे हैं। यहां 20 लाख 44 हजार से ज्यादा मतदाता अपना प्रतिनिधि चुनेंगे।

# छत्तीसगढ़ के आलोक शुक्ला को ग्रीन नोबल पुरस्कार

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पर्यावरणविद् आलोक शुक्ला को गोल्ड मैन एनवायरन्मेंटल पुरस्कार 2024 दिया जाएगा। इसे ग्रीन नोबल पुरस्कार कहा जाता है। इस साल यह अवॉर्ड आलोक शुक्ला सहित दुनियाभर से 7 लोगों को प्रदान किया जा रहा है। आलोक 'हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समित' के संयोजक हैं। यह पुरस्कार दुनिया भर में जमीनी स्तर के पर्यावरण चैंपियनों को प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है।

आलोक शुक्ला को यह पुरस्कार अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में आयोजित कार्यक्रम में दिया जाएगा। आलोक शुक्ला को यह सम्मान मिलने पर हसदेव के आदिवासियों और जंगल बचाने में जुटे कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है। अवॉर्ड देने वाली संस्था गोल्ड मैन एनवायरन्मेंटल फाउंडेशन की ओर से बताया गया है कि छत्तीसगढ़ में करीब 4,45,000 एकड़ में फैले घने हसदेव जंगल को बचाने के लिए आलोक शुक्ला ने काम किया। इस इलाके में 23 कोयला खदानें हैं। संस्था की ओर से बताया गया कि जुलाई 2022 में सरकार ने हसदेव अरण्य में 21 प्रस्तावित कोयला खदानों को रद्द कर दिया। हसदेव अरण्य को छत्तीसगढ़ के फेफड़े के रूप में जाना जाता है। यह जंगल जैव विविधता से भरा हुआ है।



### इन लोगों को मिलेगा पुरस्कार

- एशिया से भारत (छत्तीसगढ़) के आलोक शुक्ला
- अफ्रीका से दक्षिण अफ्रीका के नॉनहले मबुथुमा और सिनेगुगु ज़ुकुलु
- यूरोप से स्पेन के टेरेसा विसेंट
- ऑस्ट्रेलिया से मुर्रावाह मारूची जॉनसन
- उत्तरी अमेरिका से यूएसए के एंड्रिया विडौर्रे
- दक्षिण अमेरिका से ब्राजील के मार्सेल गोम्स

### खुशी का पल- आलोक

अवॉर्ड लेने के लिए आलोक शुक्ला सैन फ्रांसिस्को पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित ही यह हमारे लिए खुशी का पल है। हमारे इतने वर्षों के कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। इस अवॉर्ड के लिए सम्पूर्ण एशिया महाद्वीप से प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है, जो निश्चित ही गौरव का पल है। उन्होंने कहा कि ग्रीन नोबल पर्यावरण के लिए दिया जाने वाला दुनिया का सबसे बड़ा अवॉर्ड है। यह सम्मान हसदेव के समृद्ध जंगल, पर्यावरण बचाने के लिए 12 वर्षों से संघर्षरत् आदिवासियों और इस आंदोलन से जुड़े प्रत्येक नागरिक का है। इससे हसदेव के जमीनी संघर्ष को मजबूती मिलेगी और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर समर्थन भी मिलेगा।

### क्या है गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार

गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार की स्थापना 1989 में सैन फ्रांसिस्को के दिवंगत नागरिक नेताओं और परोपकारी रिचर्ड और रोडा गोल्डमैन की ओर से की गई थी। पुरस्कार विजेताओं का चयन अंतरराष्ट्रीय जूरी करती है। इसके लिए विश्व स्तर पर नामांकन मांगे जाते हैं।

# तीसरा चरणः भाजपा-कांग्रेस ने झोंकी ताकत

## अमित शाह-प्रियंका कल बनाएंगे माहौल

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में तीसरे और अंतिम चरण की सात लोकसभा सीटों में प्रचार के लिए भाजपा-कांग्रेस ने ताकत झोंक दी है। प्रदेश में अंतिम चरण के लिए बड़ी चुनावी सभाओं का आगाज हो चुका है। मंगलवार, 30 अप्रैल को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे चुनावी सभा को संबोधित करेंगे, जबकि केंद्रीय गृहमंत्री और भाजपा के चाणक्य अमित शाह की 1 मई को कोरबा में सभा होगी। साथ ही 1 मई को कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी भी चुनावी रण में नजर आएगी।

### छत्तीसगढ़ के दौरे पर मल्लिकार्जुन खरगे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे मंगलवार, 30 अप्रैल को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे. इस दौरान शाह जांजगीर-चांपा लोकसभा के भालेराव मैदान में आमसभा को संबोधित करेंगे. साथ ही कांग्रेस प्रत्याशी डॉ शिवकुमार डहरिया के पक्ष में वोट डालने की अपील करेंगे।

### कोरबा सीट जीतने के लिए शाह झोंकेंगे ताकत

इधर, 1 मई को गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के कोरबा में सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान शाह इस सीट पर जीत के लिए पूरी ताकत झोंकते हुए नजर आएंगे। दरअसल, कोरबा लोकसभा सीट वर्तमान में कांग्रेस के हाथ में हैं। यहां ज्योत्सना महंत सांसद हैं। वहीं भाजपा ने इस सीट से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं, जांजगीर-चांपा सीट से वर्तमान में भाजपा से गुहाराम अजगले सांसद हैं। अजगले ने पिछले आम चुनाव में कांग्रेस के रवि परसराम को हराया था। ऐसे में तीसरे और अंतिम चरण में भाजपा जहां कोरबा जीतने की रणनीति पर काम करेगी. वहीं कांग्रेस के सामने जांजगीर की हारी हुई सीट को जीतने की चुनौती होगी।

# चुनाव प्रचार से देश की संस्कृति को खतरा

श्रीकंचनपथ




आजादी के बाद देश ने लोकतंत्र को अपनाया। आरंभिक दौर के राजनेताओं में अधिकांश संस्कारवान थे। उनके मुंह से अपशब्द नहीं निकलते थे। मतभेद के बावजूद वे परस्पर सम्मान से पेश आते थे। लगभग सभी विचारधारा के लोग साथ मिलकर काम करते थे। पर अब देश की अवाम बदल चुकी है। रील्स और मीम्स के इस दौर में उन्हें मजा ही नहीं आता। उन्हें मजा देने, उनका मनोरंजन करने के लिए नेता किसी भी स्तर तक जा सकते हैं और गिर सकते हैं। वैसे तो देश में सनातन परम्पराओं का बड़ा ढोल पीटा जा रहा है पर यह उन्होंने कहां से सीखा कि अपने दिवंगत नेताओं के बारे में झूठ बोलें, उन्हें अपमानित करें, उनपर आरोप लगाएं। जाहिर है सनातन केवल एक ढोल है जिसे पीट-पीट कर लोगों को भरमाया जा रहा है। सदियों से बच्चे अपनी असफलता का दोष अपने माता-पिता और परवरिश को देते आए हैं। पर इस दोषारोपण को कभी सामाजिक स्वीकार्यता नहीं मिली। ऐसा कहने वालों को समाज हमेशा चुप कराता आया है। पर अब राजनीति में वह बात नहीं रही। कांग्रेस का एक विधायक कहता है कि दाढ़ी वाला झूठ बोलता है। अपने प्रधानमंत्री के बारे में ऐसा कहना अशोभनीय है। पर भाजपा भी कहां कोई अच्छा उदाहरण पेश कर रही है। भाजपा ने विधायक को अनपढ़ गंवार बता दिया। यह देश 90 फीसदी गंवारों का ही तो है। बाकी के 10 प्रतिशत को कभी अच्छी नजरों से नहीं देखा गया। आम आदमी की धारणा है कि जिसके पास क्षमता होती है वह चोर होता है। इसमें पुलिस, प्रशासन, नेता, उद्योगपति सभी शामिल हैं। दरअसल, राजनीति जब मुद्दाविहीन हो जाती है तो नेता मदारी बन जाते हैं। मदारी कहता कुछ है, करता कुछ और ही है। भीड़ जुटाने के लिए पहले वह अपने झोले से सांप की झांपी निकालता है। एक नेवले को संकरी सी सांकल से बांध कर छोड़ देता है। फिर झोले से बाहर आती हैं कुछ जांघ की लंबी हड्डियां की। अंत में बाहर आती है एक खोपड़ी। ऐसी खोपड़ियों के चित्र लोगों ने बिजली के ट्रांसफार्मरों पर लगा देखा होगा। फिर वह डुगडुगी बजाते हुए कहना शुरू करता है। उसकी बातें इतनी मजेदार होती हैं कि पहले बच्चे और फिर बड़े-बूढ़े भी खिंचे चले आते हैं। वह कहता जाता है कि सांप नेवले की लड़ाई देखो। मसान का खेला देखो और लोग दम साधे इंतजार करते रहते हैं। फिर वह निकालता है कुछ बोतलें जिसमें काली-पीली-नीली दवा भरी होती है। कुछ राख की पुड़िया भी निकाल लाता है जिसे वह भस्म कहता है। उसके पास हर बीमारी का इलाज है। बच्चा रात को नींद में डरता है, पीठ-कमर, एड़ी-घुटने में दर्द, सबके लिए उसके पास दवा है। कीमत सिर्फपांच या दस रुपए। न तो सांप नेवले की लड़ाई होती है और न ही मसान नाचता है। वह लोगों को बेवकूफ बनाकर अपना उल्लू सीधा कर जाता है।


Digital Display Board
के माध्यम से अपने व्यवसाय को दे
नई पहचान...



19 एलईडी स्क्रीन वॉल

बिलासपुर रेलवे स्टेशन में स्थापित
48 एलईडी टीवी

Harsh Media Advertisers
- रायपुर
- दुर्ग
- बिलासपुर
- कोरबा
- रायगढ़
- चांपा
- मुंगेली

Bhagat singh Chowk, Near CM House, Raipur, Chhattisgarh
Contact: 9131425618, 9827806026

## संपादकीय

# आरक्षण मामले में भारी तो भाजपा पड़ेगी...

2014 के बाद मोदी ने जब से भारतीय राजनीति में बहुसंख्यकों की भूमिका को केंद्र में लाया है तब से कांग्रेस को एहसास हो गया है कि अब उसकी तुष्टिकरण की राजनीति से उसको नुकसान हो रहा है। यही वजह है कि 2014 में खुलकर मुस्लमों को आरक्षण का वादा करनेवाली कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति तो नहीं बदली है, उसकी भाषा बदल गई है। अब कांग्रेस यह नहीं कहती है कि वह मुस्लिमों के लिए खुलकर क्या करेगी। अब अल्पसंख्यकों की आड़ में मुस्लिम तुष्टिकरण करना चाहती है। कांग्रेस अब बहसंख्यकों को पहले की तरह खुलकर नाराज नहीं करना चाहती है। वह जानती है कि बहुसंख्यक के नाराज होने का मतलब है कि उनके वोट एकमुश्त भाजपा को ही जाना है। राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में न जाकर कांग्रेस ने जो गलती है,उसका खामियाजा तो उसे भुगतना पड़ेगा खासकर यूपी के चुनाव में।

> लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण का चुनाव हो चुका है। अब तीसरे चरण के लिए प्रचार तेज हो गया है। एक दो दिन में भाजपा व कांग्रेस की तरफ से जो बयान आए हैं, उससे ऐसा लगता है कि तीसरे चरण के चुनाव में आरक्षण,संविधान व तुष्टिकरण का मुद्दा गरमाएगा।भाजपा ने दूसरे चरण से कांग्रेस की तुष्टिकरण को देश के सामने लाकर साफ कर दिया था कि कांग्रेस की तुष्टिकरण की आजादी के समय चली आ रही नीति बदली नहीं है। पहले वह खुलकर यह बात कहती थी, आरक्षण का वादा करती थी, मुस्लिमों के आरक्षण के लिए प्रयास भी करती थी।

यहां उसने बहुसंख्यक को नाराज कर अल्पसंख्यकों को खुश करने का प्रयास किया था लेकिन कांग्रेस भी जानती है कि वह महज अल्पसंख्यकों के भरोसे चुनाव नहीं जीत सकती। इसलिए लोकतंत्र, संविधान, आरक्षण के मुद्दे उठाकर बहुसंख्यकों का वोट पाने का प्रयास कर रही है। जातीय जनगणना के बहाने बहुसंख्यक समाज को जातियों में बांटना चाहती है और धन वितरण के नाम पर देश को अमीर व गरीब में बांटना चाहती है। कांग्रेस जानती है कि हिंदू समाज जितना बंटेगा उसकी जीत उनती ही तय होती जाएगी।

भाजपा भी इस बात को बखूबी समझ रही है कि कांग्रेस क्या करना चाहती है। यही वजह है कि भाजपा हर मामले में बहुसंख्यक समाज को यही समझा रही है कि कांग्रस बहुसंख्यक समाज की विरोधी है, इस विरोध को कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में भी नहीं छिपाया है। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कहा है कि बहुसंख्यकवाद के लिए देश में कोई जगह नहीं है, यह एक तरह की तानाशाही है।

देश में कांग्रेस व विपक्ष खुलकर अल्पसंख्यक के साथ है तो भाजपा खुलकर बहुसंख्यकों के साथ है। दो चुनाव में बहुसंख्यक भाजपा के साथ है,इसलिए दो चुनाव जीत चुकी है और आश्वस्त है कि वह तीसरा चुनाव भी जीतेगी। लोकतंत् में जिसके साथ बहुमत होता है, जीतता वही है। भारत में बहुसंख्यक जिसके साथ होंगे बहुमत उसके साथ होगा। बहुसंख्यक समाज को उसकी ताकत का एहसास पीएम मोदी ने कराया है। इसलिए वह एकजुट है और जिसे चाहता है, उसे सत्ता सौंपता है। कांग्रेस बहुसंख्यक समाज की ताकत को जानती थी लेकिन वह उसे एकजुट कर एहसास नहीं दिलाना चाहती थी कि उसका देश की रानजीति में कोई बड़ा महत्व है।जब से मोदी ने बहुसंख्यक समाज को उसकी राजनीतिक ताकत का एहसास कराया है,वह मोदी के साथ है।

उम्मीद की जा रही है कि वह अभी बरसों इसी तरह एकजुट रहेगा और अपनी राजनीतिक ताकत को और बढ़ाने का प्रयास करेगा। इस आधार पर कहा जा सकता है कि कांग्रेस आरक्षण, संविधान, लोकतंत्र की कितनी ही बात कर ले लेकिन वह मुसलमानों को ओबीसी का आरक्षण देकर मुसलमानों का भला नहीं कर सकती। बहुसंख्यक समाज को नाराज कर अपना राजनीतिक नुकसान जरूर करवाना चाहती है। ओबीसी, दलित, आदिवासी वैसे ही कांग्रेस से नाराज हैं। इनको यह पता चलने पर कि कांग्रेस उनका आरक्षण मुसलमानों को देना चाहती है। यह लोग तो कांग्रेस को जितान से रहे यानी बहुसंख्यक समाज ठान ले कि कांग्रेस को हराना है तो वह तीसरी बार भी आसानी से हरा सकता है। यानी आरक्षण की लड़ाई में भाजपा की कांग्रेस पर भारी पड़ सकती है।

**नजरिया** — "आशा की जानी चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय का आगामी आदेश अंतिम होगा। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान जैसी टिप्पणियां की एवं याचिकाकर्ता से तीखे प्रश्न किया उनसे अनुमान लगाया जा सकता है कि फैसला क्या होगा।

# विवाद को आगे न बढ़ाया जाए

अवधेश कुमार

पिछले महीने ही सर्वोच्च अदालत ने ईवीएम से संबंधित दो याचिकाएं खारिज की थी। न्यायालय ने एक याचिकाकर्ता पर 50 हजार का जुर्माना भी लगाया था। वस्तुत: शीर्ष अदालत ईवीएम से जुड़ी 40 याचिकाएं अभी तक खारिज कर चुका है।

सामान्यत: यह बात समझ में नहीं आती कि चुनाव आयोग के साथ विसनीय विशेषज्ञ द्वारा बार-बार स्पष्ट करने के बावजूद की ईवीएम से न छेड़छाड़ हो सकती है न ही इसे हैक किया जा सकता है; इसके द्वारा चुनाव न कराने का अभियान क्यों लगातार जारी है? सर्वोच्च अदालत में भी इस पर बहस हो चुकीं हैं, फैसले आ चुके हैं। उच्च न्यायालयों ने दो दर्जन से ज्यादा इस पर फैसले दिए हैं। सभी में न्यायालय ने चुनाव आयोग के इस दावे को स्वीकार किया है कि ईवीएम से मतदान कराया जाना सुरक्षित और विसनीय है। तो फिर ऐसा क्यों हो रहा है? यह स्वीकार करने में कोई आपत्ति नहीं कि ईवीएम एवं भारतीय राजनीति की विडंबनाओं का शिकार हो चुका है। इसी ईवीएम से जब राज्यों में विपक्ष जीतता है या 2004 एवं 2009 में यूपीए की सरकार गठन में इसका योगदान होता है तो वर्तमान विरोधी प्रश्न नहीं उठाते। हालांकि भाजपा की ओर से भी एक समय ईवीएम को इस अविसनीय बनाने की कोशिश हुई थी किंतु बाद में उसने इस अध्याय को पूरी तरह बंद कर दिया।

ऐसा लगता है जैसे भारत के संपूर्ण लोकतंत्र और व्यवस्था को ही आम लोगों से लेकर संपूर्ण विश्व की दृष्टि में संदिग्ध, अविसनीय और साख विहीन साबित कर देने का सोचा समझा अभियान चल रहा हो। कल्पना करिए, अगर भारत सहित दुनिया भर में लोगों के एक बड़े समूह के अंदर यह बात बिठा दिया जाए कि भारत के सत्तारूढ़ पार्टी और गठबंधन ईवीएम में छेड़छाड़ कर चुनाव जीतता है जबकि उसे जनता वोट नहीं देती तो हमारी क्या छवि बनेगी? भारत का संसदीय लोकतंत्र, यहां का स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव विश्व के लिए एक बड़ा उदाहरण है। विश्व भर के टिप्पणीकार , विश्लेषक, राजनेता बताते हैं कि भारत जैसे विविधताओं वाले देश में इतने भारी मतदाताओं का मतदान संपन्न कराकर लोकतंत्र का चक्र बनाए रखना अद्भुत सफलता है। यही सच भी है। अनेक देशों ने हमारे चुनाव आयोग और एवं का सहयोग लेकर अपने यहां भी चुनाव संपन्न कराए हैं, लेकिन हमारे यहां के राजनीतिक दल, उनसे जुड़े वकील, कुछ एक्टिविस्ट, एकेडमिशियन, एक्टिविस्ट वकीलों का एक बड़ा वर्ग ईवीएम के विरुद्ध किसी न किसी तरह न्यायालय का उपयोग करते हुए या अन्य माध्यमों से अपना अभियान चलाते रहते हैं। हमने देखा कि 2019 के चुनाव के पहले लंदन से लेकर अमेरिका जैसे देशों में भारत के ईवीएम को लेकर डेमो हो रहा है, बयान दिए जा रहे हैं।

यह बात अलग है कि चुनाव आयोग ने राजनीतिक दलों को जब भी चुनौती दी कि आइए हमारे समक्ष एवं से छेड़छाड़ साबित करिए तो कोई नहीं गया। जिस आम आदमी पार्टी के नेता पत्रकार वार्ता में एक नकली ईवीएम लेकर इसमें छेड़छाड़ साबित कर रहे थे वह भी चुनाव आयोग तक नहीं पहुंचे। साफ है कि इसके संबंध में जो भी आशंकाएं उठाई गई? वो निराधार हैं। वर्तमान मामले में ही अलग-अलग तरह के तर्क दिए गए। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की ओर से प्रस्तुत याचिका में वकील प्रशांत भूषण ने एक प्रस्तुति भी दी जिसमें साबित किया गया कि ईवीएम विसनीय प्रणाली नहीं है और हमें मत पत्रों से चुनाव की ओर लौटना चाहिए। उन्होंने यह भी विकल्प दिया कि अगर ईवीएम से करना ही है तो वीवीपैट की बनावट ऐसी हो कि उसमें से हर मतदाता को उनके वोट की पर्ची मिल जाए। जब उन्होंने पश्चिम जर्मनी का उदाहरण दिया तो उच्चतम न्यायालय ने पूछा कि वहां की आबादी कितनी है। सच है कि 7-8करोड़ आबादी वाले देश का उदाहरण 98 करोड़ से ज्यादा मतदाता वाले देश के संदर्भ में देना स्वीकार नहीं हो सकता। न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि मत पत्रों से मतदान के दौरान क्या होता था यह हमें याद है और बताने की आवश्यकता नहीं। इसी तरह न्यायालय ने यह भी टिप्पणी की कि समस्या मशीन में नहीं है समस्या मानवीय व्यवस्था में होती है।

समस्या यह है कि राजनीतिक दल अपना जनाधार खोने और जनता द्वारा समर्थन न मिलने के कारणों को समझने की बजाय यह मन कर चल रहे हैं कि भाजपा ने चुनाव आयोग को नियंत्रण में ले लिया है और उसके माध्यम से ईवीएम में छेड़छाड़ कर कर चुनाव जीत रही है। आप देखेंगे कि भारत में भाजपा विरोधियों द्वारा शासन के हर अंग पर सवाल उठाए जा रहे हैं और बड़े-बड़े नेता सरेआम चुनाव आयोग ही नहीं न्यायालय और प्रशासन को कठघरे में खड़ा करने की सीमा तक चले जाते हैं। यह पूरी व्यवस्था और संपूर्ण तंत्र को संदेहास्पद बनाने का डरावना व्यवहार है। ईवीएम विरोधी अभियान को भी इसी दुखद और चिंताजनक प्रवृत्ति का अंग माना जा सकता है। हालांकि 2014 का चुनाव यूपीए सरकार के कार्यकाल में ही हुआ था। उस समय नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और भाजपा पार्टी के रूप में न इतनी प्रभावी थी और न ऐसी हैसियत रखती थी जितनी आज है। उसके पहले 2013 में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी उसे व्यापक सफलता मिली थी। अच्छा हो कि उच्चतम न्यायालय इस पर अंतिम फैसला और मत दे दे ताकि अब इस विवाद को आगे न बढ़ाया जाए।

समस्या यह है कि हमारे देश के एक्टिविस्टों का एक समूह तथा कुछ राजनीतिक दल व नेता अपने आचरण पर पुनर्विचार नहीं कर सकते। वह यही संदेश देते रहेंगे कि हमारी राजनीति ठीक है, लोगों का समर्थन भी है, लेकिन ईवीएम से हम नहीं जीत सकते। ये लोग ईवीएम को कठघरे में करता खड़ा करते रहेंगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण और लोगों के अंदर हमारी चुनाव प्रणाली को लेकर अत्यंत ही नकारात्मक मानसिकता पैदा करने का अभियान है, लेकिन हमारे आपके पास कोई चारा नहीं है। इसके अभी रु क जाने की संभावना नहीं है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# जब बरात जाय बर पोगरावन बइला गाड़ी..

जब ले सृष्टि उद्गरे हे, तब ले एकर नियमित संचालन खातिर नर अउ मादा के वैवाहिक-संबंध कोनो न कोनो रूप म होवत रेहे हे। जइसे- जइसे समूह, परिवार संग शिक्षा अउ संस्कार के अंजोर म लोगन आवत गिन, तइसे-तइसे ए संबंध ह एक सुव्यवस्थित रूप लेवत गिस। आज हम एला अलग- अलग समाज अउ वर्ग म अलग-अलग नेंग-जोग अउ परंपरा के रूप म देखथन। जिहां तक हमर छत्तीसगढ़ के बात हे, त इहाँ पहिली पांच तेलिया माने पांच दिन के बिहाव, तीन तेलिया माने तीन दिन के बिहाव देखे बर मिलत रिहिसे, जेन ह अब दू दिनिया ले एक दिनिया अउ अब तो एक जुवरिया घलो देखे बर मिल जाथे। जइसे-जइसे लोगन काम बुता अउ आने- आने रोजी रोजगार म बिपतियावत जावत हें, तइसे-तइसे बेरा-बखत म कमी आवत जावत हे, जे ह अइसन किसम के रीति रिवाज अउ परंपरा मन के परिवर्तन के रूप म घलो दिखत जावत हे।



इहाँ के मूल निवासी समाज म पैठुल बिहाव, जेमा लड़की ह अपन पसंद के लड़का के घर घुसर जावत रिहिसे, फेर वोला लड़का के राजी होए के बाद सामाजिक स्वीकृति मिल जावत रिहिसे। अइसने एक लमसेना बिहाव घलो होवय। एमा बिहाव के लाइक लड़का ल लड़की घर जा के एकाद-दू बछर रहि के अपन शारीरिक कार्यकुशलता के परिचय देना परय। जब लड़की वाले मन वोकर काम काज ले संतुष्ट हो जावंय, त फेर उंकर बिहाव कर दिए जाय। कोनो कोनो एला घरजिंया अउ घरजन प्रथा घलो कहिथें। एक भगेली बिहाव के घलो परंपरा रिहिसे। एहा लड़का अउ लड़की के सहमति ले होवय। ए ह एक किसम के प्रेम बिहाव ही राहय। लड़का लड़की के घर वाले मन उंकर बिहाव खातिर राजी नइ होय म अइसन बिहाव होवय। एमा लड़की ह रतिहा म अपन घर ले भाग के प्रेमी के घर आ जावय, अउ वोकर छपरी के नीचे आके खड़ा हो जावय। तब लड़का ह एक लोटा पानी धर के अपन छपरी म डारय, वो पानी ल लड़की ह अपन मुड़ी म ले लेवय। तब लड़का के महतारी सियान मन लड़की ल अपन घर भीतर ले जावंय। तहाँ ले गाँव के सियान मन लड़की के भगेली होय के सूचना देके उंकर बिहाव करवा देवंय। हमर एती चातर राज म तो मंगनी-जंचनी अउ पूरा नेंग-जोग के साथ ही बिहाव होवत देखे हावन। बहुत पहिली बाल विवाह घलो देखे रेहेन, फेर अब ए ह शिक्षा के संग नंदावत जावत हे। सियान मन बतावंय, लड़की लड़का एकदम नान्हें राहयं, त पर्रा भांवर घलो पर जावत रिहिसे। पर्रा भांवर म दुल्हा दुल्हिन एकदम नान्हें राहंय। उन भांवर घूमे तक ल नइ जानत रहंय, त उंकर मनके सुवासा-सुवासिन (ढेंड़हा- ढेंड़हिन) मन वोमन ल पर्रा म बइठार लेवंय अउ मड़वा के चारों मुड़ा उठा के किंजार के भांवर के नेंग ल पूरा करवावंय। इहाँ के कुछ समाज म गुरांवट बिहाव घलो देखे बर मिल जाथे। एमा लड़का अउ लड़की के आपस म अदला-बदली हो जाथे। माने एक घर के बेटी दूसर घर त वो घर के बेटी एकर घर।

हमन एती देखे हावन, पहिली गरमी के दिन म ही जादा करके बिहाव होवय। पढ़त राहन त 30 अप्रैल के भारी अगोरा राहय। जिहां 30 अप्रैल के स्कूल म पास-फेल के रिजल्ट सुनाइस, तहाँ ले दू महीना के रगड़ के छुट्टी। तहाँ चारों मुड़ा किंजरई। काकर-काकर बिहाव होवत हे, तेकर सोर-खबर लेवई अउ बरात-परघनी म नचई-कूदई के सरेखा चालू हो जावय। गाँव म हमन अपन पारा के सबले जादा सक्रिय कार्यकर्ता राहन। ककरो घर बिहाव होतीस, कोल्हान नरवा के खंड़ ले मंगरोहन, तेल चघ्घी पिड़हा अउ मड़वा म छाए खातिर डुमर डारा लाने के जिम्मा हमीं मनला मिलय। चुलमाटी, तेलमाटी के रतिहा भांठा म भुन्नाटी चलाए बर सुतरी मनला बांध के माटी तेल म बोरना, माय मौरी म रोटी झपटे बर खंभा पोगराना। सब हमरे मनके ड्यूटी रहय। बरात जाए के तो असली मजा रहय। तब बइला गाड़ी, भइंसा गाड़ी अउ सवारी गाड़ी। ये तीन किसम के विकल्प राहय बरात जाए खातिर। हमर मनके जुगाड़ राहय, कइसनो करके बइला गाड़ी के सवारी मिल जाय। काबर ते बइला मन भइंसा ले थोकन बनेच रेंगय। सवारी गाड़ी (कोनो-कोनो एला छाकड़ा गाड़ी घलो कहिथें।) घलो राहय, फेर वो ह एक किसम से दुल्हा बाबू खातिर आरक्षित राहय। वोमा सिरिफनेंग वाले मन ही दुल्हा के संग म बाइठंय।

तब बरात एक जुवरिया बेरा बरतिया भात खा के निकलन। दिन बुड़तही दुल्हिन गाँव पहुंचय, त फेर परघनी के तैयारी चलय। बराती मन के असली मजा तो परघनीच म होथे। परघनी ठउर ले लेके जेवनास घर के पहुंचत ले गंड़वा बाजा ल जगा-जगा छेंक के नाचना। पहिली कतकों बरात म अखाड़ा वाले मन घलो जावंय, जे मन अपन शारीरिक कला के अद्भुत प्रदर्शन करंय। कोनो कोनो गाँव म अखाड़ा नइ राहय, ते मन दूसर गाँव के अखाड़ा वाले मन ल मान-गौन कर के लेगंय। कभू-कभू तो अखाड़ा के प्रदर्शन ह रात भर चल जावय। तब मुंदरहा-मुंदरहा दूधभत्ता खाए बर मिलय। अउ फेर दिन म तहाँ ले बांचे नेंग-जोग मन होवंय। अब तो वो सब देखना दुर्लभ होगे हे। बिहाव के शुरू होवत ले मड़वा के झरत तक हर प्रसंग खातिर अलग-अलग गीत। वो सब ल सुरता करबे त लागथे, के हमर लोक साहित्य अउ परंपरा कतेक समृद्ध रिहिसे। चुलमाटी ले चालू होवय, तेन ह तेल चघी, माय मौरी, नहडोरी, बरात निकलनी, परघनी, भांवर, बिदाई, डोला परघनी ले लेके कंकन मउर के छूटत अउ आखरी म मड़वा झर्रा के तरिया म सरोवत तक हर प्रसंग के गीत चलय।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# मोबाइल की आभासी दुनिया में खोता बालमन

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा



सोशल मीडिया पर आये दिन इस तरह की तस्वीर देखने को मिल जाएगी जिसमें ड्राइंग रुम में तो परिवार के लगभग सभी सदस्य बैठे हैं पर उनके बीच किसी तरह के संवाद की बात करना ही बेमानी होगा। सभी अपने-अपने स्थान पर अपने मोबाइल फोन में खोये मिलेंगे। खोये होने का मतलब साफहै कि कोई गेमिंग कर रहा होगा तो कोई इंस्टाग्राम, फेसबुक, वाट्सएप या इसी तरह के किसी दूसरे एप पर व्यस्त होगा। सवाल साफहै कि जो हम देखेंगे उसमें हमें पसंद भी वोही आएगा जो अधिक ग्लेमरस होगा और यही कारण है कि गेमिंग, चेटिंग या फिर रील्स बनाने देखने में बच्चों से बड़े तक व्यस्त मिलेंगे। इसके साथ ही गेमिंग जहां बच्चों बड़ों को लालच दिखाकर एक तरह से जुआरी बना रही हैं वहीं कुछ गेम तो इस कदर हानिकारक रहे हैं कि उन्हें फॉलों करते करते बच्चों को अपने जीवन से हाथ धोना पड़ा है। सोशल मीडिया, ओटीटी व गेमिंग के साथ ही गूगल बाबा सहित खोजी चैनलों, डिजिटल प्लेटफार्म खोजी सामग्री तो कोई समाचार देखते-देखते ही कितने तरह के विज्ञापन सामने आ जाते हैं उनमें कई बार तो लगभग प्रोन जैसी सामग्री होने के बावजूद मजे से परोसी जाती रहती है और उसे बेन करने या सेंसर करने का कोई सिस्टम नहीं होने से उसका दुष्प्रभाव साफदेखा जाता है। भले ही सरकार द्वारा इस तरह के चैनलों, प्लेटफर्म, एप आदि पर रोक लगाने के लाख दावें किये जाते हो पर साफतौर से इस तरह की सामग्री आम है। इसके साथ ही इन प्लेटफार्मों पर परोसी जाने वाली सामग्री बच्चों तक नहीं पहुंचे या बालमन पर को प्रदूषित नही करें, इसकी कोई व्यवस्था नहीं होती है। जब इन प्लेटफार्मों पर हिंसा, यौन सामग्री, गेमिंग, संवेदनहीनता, तनाव, आत्महत्या या बदले की भावना प्रेरित करने वाली सामग्री परोसी जाएगी तो उसका प्रभाव से नकारा नहीं जा सकता। दरअसल यह विश्वव्यापी समस्या हो गई है और इसका समाधान समय रहते नहीं खोजा गया तो इसके जो दुष्परिणाम आएंगे व आने लगे हैं वे समाज के लिए भयावह होंगे, इस खतरे को समझना होगा।

तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि एक दूसरे से तत्काल संवाद कायम करने का माध्यम स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और इंटरनेट पर परोसी जाने वाली सामग्री का सर्वाधिक दुष्प्रभाव बालक मन पर पड़ रहा है। तकनीक का इस तरह का दुष्प्रभाव संभवत: इतिहास में भी पहले कभी नहीं रहा है। दरअसल आज हम हर समस्या का समाधान स्मार्टफोन और इंटरनेट को मानने लगे हैं। बच्चा रो रहा है या किसी बात के लिए जिद कर रहा है या चिड़चिड़ा हो रहा है तो माताएं या परिवार के कोई भी सदस्य बच्चें को चुप कराने या मनबहलाव और खास यह कि बच्चे को व्यस्त रखने के लिए मोबाइल संभला देते हैं। जबकि मोबाइल के दुष्प्रभाव हमारे सामने आने लगे हैं। अमेरिका में पिछले दिनों हुए एक सर्वे में सामने आया कि मोबाइल फोन, टेबलेट, वीडियो गेम या अन्य इस तरह के साधन के उपयोग से बच्चे गुस्सेल होते जा रहे हैं। बच्चों द्वारा स्कूल में गोलीबारी सहित एक दूसरे से मारामारी-हाथापाई व इस तरह की घटनाएं आम होती जा रही है। मारधाड़, हमेशा गुस्से में रहने, तनाव में रहने और जिद्दी होना आज आम होता जा रहा है।

दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में भी साफहो गया है कि शहरी बच्चें, गेमिंग, सोशल मीडिया और ओटीटी प्लेटफार्म के आदी होते जा रहे हैं। इसका परिणाम यह होता जा रहा है कि बालक मन संवेदनहीन होता जा रहा है। हमेशा तनाव, डिप्रेशन, आक्रामकता, गुस्सेल, बदले की भावना आदि आम है। ऐसे में मनोविज्ञानियों के सामने नई चुनौती आ जाती है। यह असर कमोबेस लड़कों और लडकियों दोनों में ही समान रुप से देखा जा रहा है। यह कोई हमारे देश की समस्या हो, ऐसा भी नहीं हैं अपितु दुनिया के लगभग सभी देशों में यही हो रहा है। अमेरिका में किये गये एक अध्ययन में भी यही उभर कर आया है। कोई दो राय नहीं कि विकास समाज की आवश्यकता है। स्माटफोन व इंटरनेट की दुनिया का अपना महत्व है। पर इनके दुष्प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। प्लेटफार्मों पर चाइल्ड लोक की बात भी की जाती है पर चाइल्ड लोक कितना कारगर है यह हम सब अच्छी तरह से जान और समझ सकते हैं। मजे की बात तो यह है कि मोबाइल फोन, टेब, कम्प्यूटर, सोशल मीडिया प्लेटफार्म आदि के फीचर्स व उपयोग का तरीका बड़ों से ज्यादा बच्चों को आता है। यहां तक कि प्ले ग्रुप के बच्चें को भी यह जानकारियां होने लगी है। ऐसे में इन पर परोसी जाने वाली सामग्री को सेंसर करने या इससे बच्चों और बालपन को दूर रखने की बात बेमानी होती जा रही है। समाज विज्ञानियों, मनोविश्लेषकों, चिकित्सकों यहां तक शिक्षाविदों के सामने यह गंभीर चिंतनीय चुनौती सामने आ रही है।

आज बच्चे के सामने दो विकल्प एक मोबाइल फोन या सोशल मीडिया पर सर्फिंग और दूसरा परिवार के साथ गप्पे लड़ाना या आउटडोर गेम्स जैसा विकल्प होगा तो बच्चे की पहली पसंद मोबाइल फोन व सोशल मीडिया पर सर्फिंग ही होती जा रही है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है और दूसरा यह कि गरीब हो या अमीर सभी घर परिवारों के हालात लगभग यही है। दरअसल आज समय के बदलाव को इस तरह से समझा जा सकता है कि तीन से चार दशक पहले मोहल्ले में एक फोन होता था, ट्रंक काल में तो घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती थी वहीं फिर एसटीडी का युग आया और एसटीड़ी बूथों का अंबार लग गया उसके बाद पेजर युग को अलग कर भी दिया जाये तो मोबाइल युग ने घर-घर ही नहीं अपितु परिवार के लगभग सभी सदस्यों तक पहुंच बना ली है। ऐसे में इसके लाभ के साथ ही साइड इफेक्ट जो हमारे सामने आ रहे हैं उनका समाधान खोजना भी सबका दायित्व हो जाता है। बच्चें को चुप कराने से लेकर उसे व्यस्त रखने तक के लिए मोबाइल की घुट्टी पिलाई जाने लगी है और लोरी की जगह मोबाइल ने ले ली है तो फिर हमें बालमन पर इसके पड़ रहे दुष्प्रभाव से दो चार होने के लिए तैयार रहना होगा। देखा जाए तो पूरा सामाजिक ताना बाना ही बदल गया है। एकल परिवार, आने वाले समय में चाचा-चाची, मौसा मौसी या इसी तरह के रिश्तों की तलाश आदि सामने आने लगी है। शादी विवाह आदि पारिवारिक फंक्शन तक अब औपचारिक होते जा रहे हैं। बारात के समय पहुंचना, खाना खाना, लिफाफा थमाना तक रिश्ते सीमित हो गए हैं। ऐसे में समाज के सामने गंभीर समस्याएं आती जा रही है। ऐसे में मोबाइल या सोशल मीडिया प्लेटफार्म आने वाली पीढ़ी को कहां ले जाएंगे यह भयावह तस्वीर कल्पना में नहीं अपितु हमारे सामने आती जा रही है। समय रहते विकास और विनाश के बीच कोई रास्ता तलाशना ही होगा।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

रमन (प्रा.) आई.टी.आई.
Recognised by: NCVT & DGT NEW DELHI, GOVT. OF INDIA
COPA
कोपा
STENOGRAPHER (Hindi)
स्टेनोग्राफर (हिन्दी)
योग्यता 10वीं उत्तीर्ण
(एक वर्षीय पाठ्यक्रम) - प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश लेने पर फीस में विशेष छूट
एवं फीस मासिक किस्तों में
शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति योजना
Raman I.T.I. : बाबा दीप सिंह नगर (वैशालीनगर), भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.
Call : 0788-4033571, 7389471941, 0788-4903573 4903572, 7773027492



# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### आरक्षण के खिलाफ हैं आरएसएस-भाजपा : कांग्रेस

**रायपुर।** भाजपा के प्रेस वार्ता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि आरएसएस और भाजपा आरक्षण की विरोधी है.कई बार भाजपा और आरएसएस के नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर आरक्षण को खत्म करने की बात कही है। 2015 में आरएसएस के सर संघचालक मोहन भागवत ने आरक्षण और इसकी आवश्यकता एवं समय-सीमा की समीक्षा करने की बात कही थी। 2017 में आरएसएस नेता मनमोहन वैद्य ने कहा कि आरक्षण को हटा दिया जाना चाहिए। 2018 में बीजेपी सांसद सीपी ठाकुर ने दलित आरक्षण का विरोध किया था। 2021 में हिमाचल प्रदेश के पूर्व बीजेपी सीएम ने कहा था कि अब जाति आधारित आरक्षण को खत्म करने का समय आ गया है। पूर्व के रमन सरकार ने एससी वर्ग के आरक्षण में कटौती किया था। रमन सरकार के दौरान तत्कालीन गृह मंत्री ननकी राम कंवर की अध्यक्षता में आदिवासी आरक्षण के पक्ष में बनी कमेटी के निर्णय को रमन सरकार ने कोर्ट में नहीं रखा था. कांग्रेस की सरकार ने 76 प्रतिशत आरक्षण संशोधन विधेयक पारित किया उसे भी भाजपा ने साजिश रच कर राजभवन में अब तक रुकवाया हुआ है यह भाजपा के आरक्षण विरोधी नीतियों का परिणाम है। धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 साल में आरक्षित वर्ग को नुकसान पहुंचा हैं। भाजपा की आरक्षण विरोधी नीतियों के चलते ही देश में सरकारी संस्थानों में 30 लाख पद रिक्त पड़े हुए हैं। इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया होती तो आरक्षित वर्गों को भी लाभ होता।

### बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय पहुंची जिला सत्र न्यायालय, अधिवक्ताओं से भेंटकर मांगी समर्थन

**कोरबा।** बीजेपी नेत्री व कोरबा संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार डॉ सरोज पांडेय ने अपने चुनावी जनसंपर्क के दौरान जिला न्यायालय पहुंची, जहां अधिवक्ता संघ व अन्य अधिवक्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। सरोज पांडेय ने न्यायालय में मौजूद सभी महिला व पुरुष अधिवक्ताओं से उनके पास पहुंचकर अपने पक्ष में समर्थन मांगते हुए 7 मई को भाजपा में मतदान करने अपील की। इस दौरान अधिवक्ताओं ने बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय के साथ न्यानयल परिसर मे बैठक आयोजित की जिसमे प्रत्याशी सरोज पांडेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे कोरबा लोकसभा के अधिवक्ता न्याय दिलाने का काम करते है, अब विकास से अछूते हमारे कोरबा लोकसभा को न्याय दिलाने की आप सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि आज के युग में हर शहर हर गांव विकसित हो रहे है लेकिन हमारे कोरबा आज भी 100 आकांक्षी लोकसभा में से एक है। मैं यहां से बीजेपी की उम्मीदवार हूं आप सबके आशीर्वाद व समर्थन से मात्र 3 साल के भीतर कोरबा लोकसभा की तस्वीर व तकदीर बदलने का काम करूंगी। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है और अब कोरबा की जनता कोरबा के विकास के लिए भाजपा को चुने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करे। मैं कोरबा को आधुनिक शिक्षा, स्वास्थ, एवं इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ आधुनिकता से जुड़े हर उस क्षेत्र से जोड़ने का काम करूंगी जिससे हमारा कोरबा विकसित कोरबा में गिना जाये। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में अधिवक्तागण मौजूद रहे और सभी से सरोज पांडेय ने परिचय और वार्ता किया और सभी ने अपने अपने विचार व सुझावों को प्रत्याशी सरोज पांडेय के समक्ष रखा।

# हार सामने देख बौखलाई कांग्रेस ओछे हथकण्डों का सहारा ले रही : भाजपा

### भाजपा नेताओं ने केंद्रीय गृह मंत्री शाह का कूटरचित वीडियो वायरल करने पर कांग्रेस पर जमकर हमला बोला

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। धर्मगुरु बालदास साहेब, भाजपा सांसद सुनील सोनी और विधायक मोतीलाल साहू ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वीडियो से छेड़छाड़ कर आरक्षण खत्म करने का एक कूटरचित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के लिए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी हार सामने देखकर बौखला गई है और जनता को भ्रमित करने के लिए सफेद झूठ और ओछे हथकण्डों का सहारा ले रही है। भारतीय जनता पार्टी और देश व प्रदेश की जनता-जनार्दन कांग्रेस की ऐसी हरकतें बिल्कुल सहन नहीं करने वाली है और जनता इसका करारा जवाब देने तैयार है।



उल्लेखनीय है कि धर्मगुरु बालदास साहेब, भाजपा सांसद सोनी, विधायक साहू व भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने सोमवार को ही मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर यह मांग की कि इस मामले में गंभीरता से संज्ञान लिया जाए।

तेलंगाना कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों, तेलंगाना कांग्रेस के उत्तरदायी नेताओं, उसके आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के संचालकों, इस फर्जी वीडियो को प्रसारित करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं, उपरोक्त वीडियो डिलीट करने वाले व्यक्ति तथा अन्य सभी संलिप्त दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण (एफआईआर) दर्ज कर कड़ी-से-कड़ी कार्रवाई की जाए।

भाजपा नेताओं ने कहा कि यह कूट-रचित वीडियो फेस-बुक, व्हाट्स एप तथा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स द्वारा अब वायरल हो चुका है तथा इससे संबंधित खबर प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा वेब-पोर्टलों के माध्यम से प्रसारित हो रही हैं। कांग्रेस द्वारा योजना बनाकर षड्यंत्रपूर्वक इस वीडियो को तेलंगाना से प्रसारित किया गया है ताकि यह पूरे देश में प्रसारित तो हो सके किन्तु तेलंगाना की राज्य सरकार का संरक्षण प्राप्त होने के कारण अपराधियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न हो सके। कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेताओं का यह कायरतापूर्ण कृत्य भारतीय दंड संहिता तथा आई.टी. एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है।

भाजपा नेताओं ने ज्ञापन सौंपने से पूर्व सोमवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह का यह एडिट किया गया वीडियो तेलंगाना कांग्रेस विंग द्वारा अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से प्रसारित किया गया है। इसमें उनके मूल भाषण में कूट-रचना कर यह दर्शाया गया है कि उनके द्वारा कहा जा रहा है कि, यदि उनकी सरकार बनी तो वह आरक्षण को समाप्त कर देंगे द्ध भाजपा नेताओं ने कहा कि जिस वीडियो में छेड़-छाड़ की गई है, उसका मूल रूप भी उपलब्ध है जिसमें शाह वास्तव में कह रहे हैं कि, भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो हम गैर-संवैधानिक मुस्लिम रिजर्वेशन को समाप्त कर देंगे। यह अधिकार तेलंगाना के एस.सी., एस.टी., ओ.बी.सी. का है, वो अधिकार उनको मिलेगा और मुस्लिम रिजर्वेशन को हम समाप्त कर देंगे। धर्म के आधार पर संविधान में आरक्षण की कोई व्यस्था नहीं है तथा केन्द्रीय गृह मंत्री शाह का यह भाषण इसी परिप्रेक्ष्य में था, किन्तु तेलंगाना कांग्रेस के द्वारा वास्तविक बयान में कूट-रचना कर उपरोक्त बयान के वास्तविक वक्तव्य को ही बदल दिया गया तथा कूट रचना कर वक्तव्य में आरक्षण के विषय में गलत बातें जोड़कर जनता के बीच अफ्वाह फैलाने की निंदनीय हरकत की गई है।

उन्होंने कांग्रेस को यह स्पष्ट चेतावनी भी दी है कि आदिवासियों-पिछड़ों-दलितों के खिलाफ ऐसा भद्दा मजाक करने से कांग्रेस बाज आए। ऐसी हरकतें बिल्कुल सहन नहीं की जाएगी।

कांग्रेस शुरू से ही वंचित समूहों को आगे लाने का, आरक्षण का विरोध करती रही है। भाजपा नेताओं ने बताया कि तेलंगाना कांग्रेस द्वारा सर्वप्रथम अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' से इस वीडियो को प्रसारित किया गया तथा जब यह कूट-रचित वीडियो वायरल हो गया तो इसे डिलीट कर दिया गया।

इसके उपरांत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एक सोची-समझी साजिश के तहत इस वीडियो को वायरल किया एवं देश के एस.सी., एस.टी. तथा ओ.बी.सी. समाज में व्यापक रूप से आरक्षण जैसे संवेदनशील विषय के संदर्भ में भारतीय जनता पार्टी तथा केन्द्रीय गृह मंत्री शाह के विरुद्ध भ्रम एवं अफ्वाह फैलाई गई। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी द्वारा यह वीडियो एस.सी., एस.टी. तथा ओ.बी.सी. समाज के आरक्षण जैसे संवेदनशील विषय में भ्रम फैलाकर वोट लेने के उद्देश्य से प्रसारित किया गया है। प्रेस वार्ता में भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी माजूद रहे।

### कांग्रेस की स्थिति बेहद खराब, पार्टी में मची सिर-फुटौव्वल : अरुण साव

**धरसींवा ।** लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए सोमवार को उप मुख्यमंत्री अरुण साव धरसींवा के ग्राम कपसदा पहुंचे। जहां उन्होंने रायपुर लोकसभा से बीजेपी प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल को जीत दिलाने के लिए जनसभा से बीजेपी को वोट देकर कमल खिलाने की अपील की। डिप्टी सीएम साव ने कहा कि, प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति बेहद खराब है और कांग्रेस में सिर-फुटौव्वल मची हुई है। कांग्रेस जनता की विश्वसनीयता खो चुकी है। पहले तो कोई चुनाव ही नहीं लड़ना चाहता था। अब पार्टी के लोग ही अपने ही प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं। जब कांग्रेस के अपनों को ही उन पर भरोसा नहीं रहा तो जनता को विश्वास कैसे होगा। कांग्रेस के नेता जिस तरह अपने ही नेताओं का विरोध करते दिख रहे हैं। उससे यह स्पष्ट होता है कि, कांग्रेस लोकसभा चुनाव में शून्य पर आउट होने वाली है और भाजपा सभी 11 सीटें जीतने वाली है। इस अवसर पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा के मार्गदर्शन में दर्जन भर सरपंच और दो सौ कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया है।

# जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से तेजी से करें पूर्ण : कलेक्टर



श्रीकंचनपथ न्यूज

**गरियाबंद।** कलेक्टर अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जल जीवन मिशन के तहत जिले में चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले के सभी गांवों में जल जीवन मिशन के तहत घर पहुंच नल जल कनेक्शन, पानी टंकी निर्माण, पाइपलाइन फिटिंग आदि कार्यों की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के एसडीओ एवं इंजीनियर से विकासखंड वार एक एक गांवों की जानकारी लेकर वहां चल रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

कलेक्टर अग्रवाल ने गांव वार सभी कार्यों के डेडलाइन समय तय कर निर्धारित अवधि में कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को पेयजल सुविधाओं से लाभान्वित करने प्रगतिरत कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करे। जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों के साथ राजस्व अधिकारियों को भी प्रगतिरत कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों का व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाने के निर्देश दिए। जिसमें कार्यों के प्रगति से संबंधित जानकारी फोटोग्राफ्स के साथ शेयर की जायेगी। कलेक्टर अग्रवाल ने एक सप्ताह के भीतर जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों का भौतिक सत्यापन फोटो के साथ प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान पीएचई के ईई पंकज जैन, एसडीओ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर अग्रवाल ने बैठक में कहा कि जिले के दूरस्थ एवं वनांचल क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के प्रगतिरत कार्यों को प्राथमिकता में लेते हुए कार्यों को पूर्ण कर ग्रामीणों को लाभान्वित करें। साथ ही मैदानी इलाकों के गांवों में भी सभी कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करे। कलेक्टर ने अपूर्ण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में प्रगति नहीं आने पर संबंधितों की जवाबदेही तय की जायेगी।

# गोल्डन वॉयस अवार्ड के प्रतिभागियों का भजन सम्राट प्रभंजय ने किया सम्मान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रख्यात भजन एवं गजल गायक पं. प्रभंजय चतुर्वेदी ने कैरीओकी सिंगर्स को साधुवाद देते हुए कहा कि संगीत से जुड़ना प्रकृति और ईश्वर से जुड़ने जैसा है. हमारे आसपास भांति-भांति की ध्वनियां होती हैं. जब इन्हें हम सुर-ताल में बांध देते हैं तो वही संगीत हो जाता है. पं चतुर्वेदी गोल्डन वॉयस स्टूडियो द्वारा 50 पार के लोगों के लिए ऑनलाइन आयोजित राष्ट्रीय कैरीओकी संगीत प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे.



मुख्य अतिथि की आसंदी से समारोह को संबोधित करते हुए पं. चतुर्वेदी ने कहा कि कैरीओकी ने सुगम संगीत को आसान बना दिया है पर ऐसे सिंगर्स को बीच-बीच में बिना संगीत के गाकर अपनी आवाज भी सुननी चाहिए. इससे उनकी गायकी बेहतर हो जाएगी. उन्होंने जावेद अख्तर की गजल 'तुमको देखा तो ये ख्याल आया' की प्रस्तुति भी दी।

आयोजन के विशिष्ट अतिथि हाईटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के सर्जन डॉ नविल कुमार शर्मा, एमजे ग्रुप ऑफ एजुकेशन की डायरेक्टर डॉ श्रीलेखा विरुलकर एवं खण्डवा से पधारे गायक सितांशु गीते के करकमलों से विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. पुरुष वर्ग का प्रथम पुरस्कार वदोदरा के न्यूरो सर्जन डॉ यशेश दलाल को दिया गया. उनकी अनुपस्थिति में पुरस्कार डॉ नवील शर्मा ने प्राप्त किया. द्वितीय पुरस्कार वसई मुम्बई के ओस्वाल्ड अंड्राडे को प्रदान किया गया. तृतीय पुरस्कार भिलाई के कुलदीप अरविन्द जी को दिया गया. महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार कटक की जबीन अदेनी एवं द्वितीय पुरस्कार भिलाई के माया बघेल को प्रदान किया गया. श्री गीते को वॉयस ऑफ किशोर सम्मान से नवाजा गया। एमजे कालेज के स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित इस समारोह में वरिष्ठतम सिंगर्स वर्ग में चित्रगुप्त मंदिर समिति सेक्टर-6 के पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद एवं बैंक ऑफबड़ौदा के पूर्व प्रबंधक मुकेश भटनागर को सम्मानित किया गया. फायनलिस्ट में क्रमश बाल्य रोग विशेषज्ञ डॉ आशीष जैन, पूनाराम काम्बले, राजेश कुमार कन्नौजे, अशोक धावले, सुशील भालेकर, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय की सहा. प्राध्यापक लक्ष्मी वर्मा, आईडी चन्द्राकर, आशा वर्मा, विद्या भट्टाचार्या तथा चंद्रपुर (महाराष्ट्र) के डॉ विजय गेडाम को प्रदान किया गया. विजयानगरम के वेंकट नंदीमिन्टी को क्षेत्रीय भाषा में गायन के लिए पुरस्कृत किया गया. उनके चाचाजी ने उनके लिए यह पुरस्कार प्राप्त किया।

कार्यक्रम का संचालन गोल्डन वायस स्टूडियो के संचालक दीपक रंजन दास ने किया. आयोजन को सफल बनाने में गोल्डन वायस स्टूडियो एवं बिग थैंक्यू फाउंडेशन के संजय मोरे एवं सुशील भालेकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही. मेजबान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार चौबे ने धन्यवाद ज्ञापन किया. पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह के पश्चात सभी प्रतिभागियों ने गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां दीं।

# मतदाता जागरूकता रैली : मतदाताओं को मतदान करने शपथ दिलाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत घंटाघर के समीप स्थित सियान सदन से चलकर निहारिका क्षेत्र मुख्य मार्ग में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली समापन के पश्चात आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संबित मिश्रा की विशेष उपस्थिति में मतदाताओं को मतदाता शपथ दिलाई तथा मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से अपना मतदान करने का आव्हान मतदाताओं से किया।





लोकसभा निर्वाचन 2024 तक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में जिले में व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहा है।निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई एवं सी.ई.ओ.जिला पंचायत श्री संबित मिश्रा के दिशा निर्देशन में आज प्रातः 07 बजे से निगम की स्वच्छता दीदियों एन.यू.एल.एम. की सदस्यों तथा निगम के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा सियान सदन से चल कर निहारिका क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। आयुक्त सुश्री ममगाई एवं सी.ई.ओ.श्री मिश्रा ने रैली में सम्मिलित होकर सभी का उत्साहवर्धन किया तथा मतदाताओं से अनिवार्य रूप से मताधिकार का उपयोग कर मतदान करने का आग्रह किया। इस अवसर पर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त द्वय बी.पी.त्रिवेदी एवं पवन वर्मा, कार्यपालन अभियंता विनोद शांडिल्य एवं तपन तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता लीलाधर पटेल, विनोद नेताम, अरूण बघेल, अरूण मिश्रा सहित निगम की स्वच्छता दीदियॉं, एन.यू.एल.एम. की सदस्याएं तथा अन्य मतदातागण उपस्थित थे। मतदाताओं को दिलाई मतदाता शपथ - रैली समापन के पश्चात आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा उपस्थित मतदाताओं को मतदाता शपथ ग्रहण कराई गई। मतदाताओं ने शपथ लेते हुए कहा कि हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने रंगोली बनाकर ली अनिवार्य मतदान की शपथ

लोक सभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रोंमें युवा, महिला, पुरूष सहित स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं द्वारा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु नुक्कड़-नाटक, रैली, नारा-लेखन, निबंध, भाषण, मेहंदीप्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, जिला कोरबा रोवर्स, रेंजर्स तथा लीडर्स के द्वाराविगत दिवस स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके तहत साइकल रैली, दिव्यांग रैली, मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम, मानव श्रृंखला, नुक्कड़ नाटक जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत बतारी में स्व-सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर अनिवार्य मतदान की षपथ ली गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत भिलाई बाजार, ग्राम बिझरी, पोड़ीकला, पताढ़ी में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा रंगोली बनाकर षत-प्रतिषत मतदान की शपथ ली गई।

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65





Premier sales
8959493000
A Leela Electronics
9425507772
Reena Electronics
9329132299
Shree Electronics
7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics
9827183839
Rohit Electronics
94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...



### आकांक्षा उड़के आई प्रथम, 21 हजार रुपए का मिला पुरस्कार

**रायपुर ( ए. )।** मरीन ड्राइव में स्वीप संध्या के आयोजन पर महिलाओं के द्वारा आयोजित स्वीप कार रैली के पुरस्कारों की घोषणा की गई। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कार रैली में प्रथम आने वाली आकांक्षा उड़के को पुरस्कार दिया गया। उन्हें चेक प्रदान किया गया। साथ ही द्वितीय स्थान लता मिश्रा को 11 हजार रूपए व तृतीय स्थान प्रीती फौजदार को 5100 रुपए का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह सांत्वना पुरस्कार अनु बंजारे, सुरभि तिवारी, प्रीतम कौर मोटवानी, नमिता साहू, मिनाक्षी बाजपेयी, टिकेश्वरी बाजपेयी, पुष्पा शुक्ला, रितु जैन, किरण देव प्रभा, नीलम सोनी, देवकी साहू, गायत्री साहू, सपना तिवारी, नलनी चंद्राकर, तरून्नुम शेख, आकांक्षा सोनकर, रिचा मजूमदार, अनुरिमा शर्मा, अर्पणा सिसौदिया को दिया गया। साथ ही चार लक्की ड्रॉ भी निकाला गया। जिसमें गाड़ी नंबर 101, 140, 92 और 8 को पुरस्कृत किया गया।

### निगम कमिश्नर स्वयं कर रहे गीला और सूखा कचरा का निरीक्षण, अधिकारियों को भी लगाया

**रायपुर।** नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम के सभी 10 जोनों के द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने पर जोर दिया जा रहा है। सभी जोनों के



स्वास्थ्य अधिकारी स्वच्छता दीदियों के साथ घूमकर कचरा अलग-अलग देने हेतु नागरिकों को जागरूक कर रहे हैं। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने सोमवार सुबह गुढ़ियारी के जनता कालोनी क्षेत्र में घर-घर जाकर गीला और सूखा कचरा अलग-अलग लेने के कार्य का अवलोकन किया। इस क्षेत्र में करीब 75 फीसदी नागरिक कचरे को अलग-अलग कर दे रहे हैं। यहां जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिया गया कि स्वच्छता दीदियों के माध्यम से सभी नागरिकों को जागरूक कर कचरा अलग कर देने हेतु जागरूक कर 100 फीसदी कचरा अलग लेने हेतु जागरूक किया जाए। डॉ. पाणिग्रही ने अशोक नगर और शिवानंद नगर में चल रहे सफाई कार्यों का अवलोकन किया। सभी जगह सफाई कर्मचारियों की गिनती की करवाई जहां कर्मचारियों की उपस्थित सन्तोष जनक पाई गई। दो दिन पहले निगम कमिश्नर श्री मिश्रा ने भी जोन क्रमांक 1 में कचरा संग्रहण कार्य का अवलोकन किये थे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि गीला और सूखा कचरा सेकेंडरी कलेक्शन पाइट तक अलग - अलग होकर ही पहुंचे। जिसकी निगरानी लगातार की जाएगी। इस कार्य के लिएमुख्यालय में पदस्थ दो जेडएचओ को 5 - 5 जोन का कार्य दिया गया है।

मई में 48 स्पेशल ट्रेन चलाने की है प्लानिंग,

# गर्मी की छुट्टियों में चल रही हैं 58 स्पेशल ट्रेन, भीड़-भाड़ से राहत

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य के प्रमुख शहरों के निवासियों के लिए 58 स्पेशल ट्रेनों की सुविधा दी जा रही है। रेल प्रशासन के द्वारा मई महीने में ट्रेनों में होने वाली भीड़-भाड़ को राहत देने के लिए 48 स्पेशल ट्रेनों के परिचालन की योजना बनाई गई है। जरूरत पड़ने पर इस सुविधा में विस्तार कर इस क्षेत्र के निवासियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान अतिरिक्त सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।



ग्रीष्मकाल के दौरान ट्रेनों में होने वाली अतिरिक्त भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने तथा छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य के प्रमुख शहरों के निवासियों जो कि ग्रीष्मावकाश के दौरान परिवार के साथ देश के अन्य शहरों में छुट्टियां बिताने व शादी ब्याह में सम्मिलित होने के लिए जाते है, उनकी सुविधा के लिए 58 स्पेशल ट्रेने चलाई जा रही है। ये ट्रेनें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र राज्य में अवस्थित प्रमुख शहरों से सम्बलपुर, पुरी, विशाखापट्टनम, सिकंदराबाद, हैदराबाद, पटना, हटिया, रक्सौल, छपरा, जबलपुर, मदुरै आदि शहरों को जोड़ रही है।

अप्रैल, मई एवं जून महीने में जब स्कूलों की छुट्टियां शुरू होती है, शादी ब्याह एवं त्योहारों का भी समय होता है, ऐसे में स्टेशनों एवं ट्रेनों में यात्रियों की बहूत ज्यादा भीड़-भाड़ होती है। इन सभी को ध्यान में रखकर रेलवे द्वारा रेलयात्रियों की सुविधा के लिए योजनबद्ध तरीके से कार्य किया जाता है। रेल यात्रियों को अधिक से अधिक कनफर्म बर्थ की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु स्पेशल ट्रेन एवं महत्वपूर्ण ट्रेनों में अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

### दुर्ग-छपरा व दुर्ग-पटना समर स्पेशल का गोंदिया स्टेशन तक

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के दुर्ग से छपरा एवं दुर्ग से पटना तक चलाई जा रही समर स्पेशल एक्सप्रेस का गोंदिया स्टेशन तक विस्तार किया गया है। इन ट्रेनों के विस्तार से न सिर्फ महाराष्ट्र राज्य के अंतर्गत प्रमुख शहर गोंदिया के निवासियों को उत्तर भारत के प्रमुख शहरों के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ के निवासियों को भी गोंदिया तक आवागमन के लिए अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा मिलेगी।

### बिलासपुर से यशवंतपुर के लिए स्पेशल ट्रेन की सुविधा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर से यशवंतपुर तक दिनांक 30 अप्रैल से 09 फेरों के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा दी जा रही है । इस ट्रेन के शुरू होने से बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगाव, डोंगरगढ़ एवं गोंदिया के निवासियों को दक्षिण भारत की ओर यात्रा के लिए एक अतिरिक्त ट्रेन की सुविधा मिलेगी।

# सामाजिक संगठन में एकता जरूरी: ताम्रध्वज

**खम्हरिया में धूमधाम से मनाई गई तहसील स्तरीय कर्मा जयंती,तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण का आयोजन**

**रायपुर ( ए. )।** ग्राम खम्हरिया में भव्य तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण द्वारा तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव समारोह ग्राम बाजार चौक खम्हरिया (धनोरा) भक्त माता कर्मा की 1008वीं जयंती के पावन अवसर पर तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू संघ पुरई एवं स्थानीय साहू समाज खम्हरिया के संयुक्त तत्वाधान में भव्य तहसील स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन धूमधाम से मनाया गया।



पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि समाज के बारे में चिंतन जरूर है. अपने कार्यों का अवलोकन करें कि हमारे समाज पिछले साल कहां था और अब कहा है. हमने पिछले साल कितने गरीबों का इलाज कराया कितने गरीब बच्चों को शिक्षा दी. उसको सोचे और आने वाले दिनों में नया लक्ष्य बनाकर कार्य करें.आगे कहा कि माता कर्मा के बताए मार्ग में समाज को चलना है । समाज का उद्देश्य यह है कि समाज की संगठन को मजबूत करना। समाज की जीतने भी बुराई है उसे दूर करना है। जिससे समाज में एक जुटता होगा और जब समाज एकजुट रहेगा तब समाज अधिक मजबूत होगा।

पूर्व मंत्री रमशीला साहू ने कहा कि जिस श्रद्धाभाव से साहू समाज ने जयंती को परंपरागत रुप से मनाते हुए आ रहे हैं, इसे और समाज में दृढ़ करने की आवश्यकता है। इसके लिए सभी लोगों को शिक्षित होना आवश्यक है, क्योंकि इससे हमें अच्छे-बूरे, धर्म-अधर्म और निर्णय लेने की क्षमता में विकास होता है।

पूर्व अध्यक्ष हस्त शिल्प बोर्ड दीपक ताराचंद साहू ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए ग्रामवासियों को बधाई देते हुये कहा कि जिस प्रकार माता कर्मा ने साहू समाज को एकता, त्याग, तपस्या और समरस्ता का मार्ग दिखाया है उन्हे आदर्श मानकर हमें उनके दिखाये मार्ग पर चलना चाहिए। इस आयोजन में छतीसगढ़ लोक कला मोर संगी जाहुरिया ग्राम धौराभाटा की शानदार प्रस्तुति रही। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक महिला और पुरुषों का सम्मान माता कर्मा की फोटो फ्रेम, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया

इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि पूर्व गृहमंत्री पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू ताम्रध्वज साहू, अध्यक्षता अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग नंदलाल साहू अतिविशिष्ट रमशीला साहू, पूर्व मंत्री, जागेश्वर साहू, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तलिपि बोर्ड, राजेंद्र साहू पूर्व अध्यक्ष जिला सह. केंद्रीय बैंक मर्या. दुर्ग, लक्ष्मी यशवंत साहू, सभापति जिला पंचायत दुर्ग, खिलावन सिंह साहू , कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहूकार संघ छग, राजेश साहू कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ, कृष्णा प्रसाद साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग दिव्या कलिहारी, उपाध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग यतीश साहू, समन्वयक जिला साहू संघ दुर्ग सुनील साहूकार, लेफ्टिनेंट डिप्टी जिला साहूकार संघ, दुर्ग, दिनेश साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ पाटन, पोषण साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ दुर्ग शहर, श्यामलाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ धमधा, देवश्री साहू संयोजिका महिला प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग, मुकेश साहू संयोजक युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग, सुखीराम यादव सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया सहित तहसील साहू संघ के समस्त पदाधिकारी गण, सभी परिक्षेत्रिय अध्यक्ष गण तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण, परिक्षेत्रीय साहू संघ पुरई एवं स्थानीय साहू समाज खम्हरिया बड़ी संख्या में उपस्थित थे । यह जानकारी तहसील साहू साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के मिडिया प्रभारी राजेन्द्र साहू ने दी।

## कृषि विवि को मिला विशेष अवार्ड




**रायपुर ( ए. )।** 59वें राष्ट्रीय धान कार्यशाला में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को धान के जर्मप्लास्म, संग्रहण, संरक्षण और और इनका प्रजनक कार्यक्रम मैं बेहतर उपयोग के लिए विशेष अवार्ड से कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल विभाग अध्यक्ष पौध प्रजनन विभाग डॉ. दीपक शर्मा और समस्त धान वैज्ञानिक धान अनुसंधान को सम्मानित किया गया।

ज्ञातव्य है की विश्वविद्यालय में धान का विश्व मैं दिव्तीय सबसे बड़ा 23250 धान किस्मों का संग्रहण मौजूद है। विश्विद्यालय के सहयोग से पौधा किस्म संरक्षण और किसान अधिकार प्राधिकरण, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा किसानों की भारत मैं दिव्तीय सबसे ज्यादा किस्मों के पंजीकरण सर्टिफिकेट मिल चुके हैं। विश्वविद्यालय द्वारा धान की नई किस्मों का विकास उत्परिवर्तन प्रजनक विधि, स्पीड ब्रीडिंग और स्मार्ट ब्रीडिंग में जर्म प्लास्म के बेहतर उपयोग द्वारा नई किस्मों का विकास किया जा रहा है। वर्तमान में धान के जनन द्रव्य से प्रथम औषधीय धान किस्म जो मानव शरीर के लिए रोग प्रतिरोधक एवं कैंसर सैप्रेसिव किस्म है संजीवनी को राज्य किस्म समिति द्वारा रिलीज/विमोचित किया गया हैद्य इस तरह की भारत वर्ष मैं पहली औषधीय किस्म को जारी किया गया है।

अवार्ड डा टी आर शर्मा उप महानिदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली, डा आर एम सुंदरम निदेशक भारतीय धान अनुसंधान केंद्र, हैदराबाद, एवम डा ए के सिंह, निदेशक पूसा अनुसंधान केंद्र नई दिल्ली द्वारा दिया गया।

# अघरिया महिला समाज सेवा समिति ने पशु-पक्षियों के लिए मटका, सकोरा और कोटना का किया वितरण

**रायपुर ( ए. )।** अघरिया महिला समाज सेवा समिति रायपुर द्वारा आज शीतला मंदिर डगनिया में भीषण गर्मी को देखते हुए जानवरों, चिड़िया और जरूरतमंद लोगों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था की जा रही हैं। इस तारतम्य में मटका, सकोरा और कोटना वितरण की व्यवस्था की गई है। महिला समाज सेवा समिति का जीवों के लिए पानी और पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था का यह छोटा सा प्रयास है। बच्चे भी कार्यक्रम के सहभागी बनकर उत्साहित थे। जीवों के प्रति दयालुता रखने के साथ आने वाले पीढ़ी को भी सभी के प्रति करूणा, दया रखने के भाव का संचार करना उद्देश्य है।



इस मौके पर अघरिया महिला समाज सेवा समिति की अध्यक्ष मंजू पटेल ने कहा कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखने व प्रकृति से जोड़ने इस तरह के कार्यक्रम होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में आशा पटेल, रुक्मणी पटेल, यामिनी पटेल, ममता पटेल, रेशमा पटेल, सुषमा पटेल भी उपस्थित थे, नाश्ता वितरण की व्यवस्था नेतराम पटेल और नीरू पटेल द्वारा की गई।

## बिजली विभाग की अंदेखी, हादसे का इंतजार

**पुराना चंगोराभाठा अरूण महाराज निवास के पास लटक रहा है विद्युत पोल**

**रायपुर ( ए. )।** एक ओर प्रचारित किया जा रहा है कि शहर के मुख्य मार्गो से झूलते लटकते तार हटा लिए गए हैं व्यवस्थित हो गये है बिजली खंभे व तार लेकिन शहर के कई ऐसे रिहायशी इलाके हैं जहां पर ऐसे लटकते तार व गिरने की कगार पर झुके खंभे संभावित हादसे का इंतजार कर रहे हैं। शिकायतों पर बिजली विभाग कुछ करने तैयार नहीं हैं।



पुराना चंगोराभाठा ,अरूण महाराज निवास के पास शीतला मंदिर के पीछे चंगोराभाठा में विगत एक साल से विद्युत पोल पूरी तरह से यू आकार मे लटक गया है। यह पोल आखिरी होने के कारण सपोर्ट तार भी काफी दिनों से टूट चुका है। चंगोराभाठा बिजली आफिस को अनेको बार शिकायत दर्ज की जा चुकी है, किन्तु वहां से कर्मचारी आकार देखकर केवल यह कह कर चले जाते हैं कि हेड आफिस से बजट मंगाना पड़ेगा मतलव वे अपना बला टाल जा रहे हैं। इसकी शिकायत विद्युत मंडल के पोर्टल भी आनलाईन दर्ज करायी गई है। वार्ड के पार्षद से भी शिकायत की गई है। यह पोल कभी भी जमीन में गिर सकता है। विभाग के एई साहू से भी दूरभाष पर जानकारी दी गई है। स्थिति जस का तस है। गर्मी के दिनों में लगातार घटनाएं हो रही हैं आगे बरसात आने से पहले यदि इसका मरम्मत नहीं किया गया तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है क्योकि आसपास के घरें सटे हुए हैं और संकरी सड़कों पर ही आना जाना होता है। स्थानीय नागरिकों में काफी आक्रोश है उन्होने कह दिया है यदि कोई घटना होती है तो इसके लिए बिजली विभाग जिम्मेदार होगा।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध ग्रीन आर्मी ने की मरीन ड्राइव में नुक्कड़ नाटक व रावण रूपी पुतले का दहन

**रायपुर ( ए. )।** ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा मरीन ड्राइव में सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जनजागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। रैली ट्रैफिक थाना से होते हुए मरीन ड्राइव पाथवे से वापस टॉफिक थाने में समाप्त हुई। रैली के दौरान हाथों से लिखी तख्तियां और बेनर लेकर चलते रहे, सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध प्रकृति के दुश्मन तीन पाऊच, पन्नी, पॉलीथिन, नारे लगते रहे जिसे राहगीर भी दोहराते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्णत: बहिष्कार करते नजर आए। रैली के दौरान प्लास्टिक रूपी रावण राहगीरों का ध्यानाकर्षण करता रहा।




संस्था मीडिया प्राभारी शशीकांत यदु ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एक बार करने के बाद इसका दोबारा उपयोग नहीं किया जा सकता है, झिल्ली, पन्नी आदि सार्वजनिक स्थानों में बिखरकर गंदगी फैलाते हैं, पशु भी अनजाने में इसका सेवन कर लेते हैं और बीमारियों से ग्रसित होते हैं। आसानी से और सस्ते दाम में मिल जाने के फेर में लोग इसका उपयोग जरूर करते हैं परंतु पर्यावरण को यह सबसे बड़ा नुकसान पहुंचाता है। मवेशीयों, जीव जंतु के साथ मानव जाति के लिए भी यह हानिकारक है, नदी नाले जाम हो रहे है बीमारियां पनप रही है। संस्था द्वारा इन तमाम विषयो को लेकर आम जनमानस के बीच जागरूकता लाने के उद्देश्य से भव्य रैली का आयोजन मरीन ड्राइव रायपुर में किया गया।

इसके पश्चात पेलोटी कालेज की छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर पॉलिथीन मुक्त समाज का संदेश दिया। इस दौरान महिला गुरुकुल महाविद्यालय कालीबाड़ी के छात्र-छात्राएं भी प्रमुख रूप से उपस्थिति रहे। नुक्कड़ नाटक में बताया गया कि सिंगल यूज प्लास्टिक कैसे पर्यावरण एवं स्वास्थ को नुकसान पहुंचाता है। मार्केट क्षेत्रों एवं आम नागरिकों से अपील किया गया कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग एवं विक्रय न करें। घरों से सब्जी एवं अन्य सामग्री लेने निकलने पर हमेशा अपने साथ कपड़े से बना थैला आदि लेकर निकले। बावजूद इसके यदि विक्रेताओं के द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय किया जाता है तो ग्रीन आर्मी सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध स्टिंग ऑपरेशन करके सीधे निगम अधिकारियों जानकरी सौपेंगी एवं उनके ऊपर जुर्माना की कार्यवाही निगम के द्वारा कराई जयगी।

प्रदेश अध्यक्ष अमिताभ दुबे ने कहा की हम सबमें सुधार की जरुरत है, जनता को भी जागरूक करना होगा और प्रशासन को भी लगातार बड़े व्यापारियों एवं उत्पादको पर कार्यवाही करनी होगी, छोटे फुटकर व्यापारियों पर नही तभी यह कामयाब होगा, पूरी ग्रीन टीम इस विषय पर प्रशासन के साथ है संस्था रायपुर अध्यक्ष गुरदीप टूटेजा ने कहा कि पॉलीथिन का बहिष्कार कर इनसे होने वाले नुकसान से बचा का सकता है। इसकी रोकथाम के लिए बड़े उत्पादकों पर शक्त कर्यवाही करने की जरूरत है। यह हमारे जीवन के लिए अभिशाप बन गयी है। व्हाइट विंग चेयरमैन रात्रि लहरी ने पूरे प्रोग्राम की विस्तृत जानकारी मीडिया को प्रदान किया एवं पॉलिथीन रूपी रावण पुतले को साथ में लेकर प्रर्दशन किया।















# बिग बॉस ओटीटी-3: नायरा को शो में लाने के लिए मेकर्स दे रहे हैं मोटी रकम

## शिवांगी जोशी होंगी शो की सबसे महंगी कंटेस्टेंट



बिग बॉस ओटीटी-3 जल्द शुरू होने जा रहा है। इस बार एंटरटेनमेंट जगत से कई बड़े नाम इस शो का हिस्सा होंगे। कंटेस्टेंट की लिस्ट में शिवांगी जोशी का नाम भी सामने आया है। टीवी सीरियल ये रिश्ता क्या कहलाता है में अक्षरा की बेटी नायरा का किरदार निभाने वाली शिवांगी को मेकर्स ने शो के लिए अप्रोच किया है।

हालांकि, अभी एक्ट्रेस ने शो में हिस्सा लेने पर फाइनल मुहर नहीं लगाई है। मेकर्स और एक्ट्रेस के बीच पैसों को लेकर बातचीत चल रही है।

### शिवांगी होंगी सबसे महंगी कंटेस्टेंट

शिवांगी जोशी अगर इस सीजन का हिस्सा बनती हैं तो वो सबसे महंगी कंटेस्टेंट होंगी। मेकर्स उन्हें शो पर लाने के लिए मोटी फीस देने को तैयार हैं। शिवांगी के अलावा पंकित ठक्कर, अरहान बहल, शहज़ादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, ठगेश, शीज़ान खान जैसे एक्टर के नाम सामने आए हैं। हालांकि, किसी ने भी शो में शामिल होने की बात को कन्फर्म नहीं किया है।

### इस दिन से शुरू होगा शूट

बिग बॉस ओटीटी-2 को ऑडियंस की तरफ से अच्छा रिएक्शन मिला था। टॉप-3 कंटेस्टेंट मनीषा रानी, अभिषेक मल्हान और एल्विश यादव की तिकड़ी ने खूब कंटेंट दिया। अंत में एल्विश शो के विजेता रहे। अब बिग बॉस ओटीटी-3 में भी ये टॉप 3 कंटेस्टेंट नज़र आ सकते हैं। हालांकि, इनकी भूमिका क्या होगी इसकी जानकारी नहीं है। रिपोर्ट की माने तो मनीषा, एल्विश और अभिषेक कंटेस्टेंट के मेंटर होंगे। वहीं कुछ के मुताबिक यही शो के होस्ट भी होंगे। हालांकि, अभी कुछ कन्फर्म नहीं है। बिग बॉस ओटीटी-3 मई से शुरू होने जा रहा है।

# अपने करियर में मैं अनदेखी-3 जैसा प्रोजेक्ट करना चाहती थी : हेली

एक्ट्रेस हेली दारूवाला, जो अपनी अगली सीरीज अनदेखी 3 की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने कहानी को रोमांचकारी बताया है। शो में हेली महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं, हालांकि उन्होंने भूमिका के बारे में जानकारी को गुप्त रखा है। जिस चीज ने उन्हें इस भूमिका की ओर आकर्षित किया वह थी शो की स्क्रिप्ट और कहानी।

हेली ने कहा, अनदेखी एक बेहद लोकप्रिय शो है और मुझे सीजन 3 का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। टीम ने कहानी को रोमांचकारी बनाए रखने का शानदार काम किया है और यह उस तरह का प्रोजेक्ट है जिसकी मैं तलाश कर रही थी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, जिस तरह से मेरे ट्रैक ने आकार लिया है, उससे मैं बेहद खुश हूं और मैं 10 मई को दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। अनदेखी 3 10 मई को सोनी लिव पर रिलीज होगी।




# राशि खन्ना का ग्रीन साड़ी में दिखा किलर अंदाज

## एक्ट्रेस की दिलकश अदाओं ने फैंस को बनाया दीवाना



साउथ फिल्मों की जानी मानी एक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस के दिलों पर राज करना बखूबी जानती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी कातिलाना तस्वीरें तेजी से वायरल हो जाती हैं।

राशि खन्ना फिल्मों के साथ साथ सोशल मीडिया पर भी काफी मशहूर हैं। आए दिन एक्ट्रेस अपने सिजलिंग अवतार से फैंस के होश उड़ाती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद आपकी सांसे थम जाएंगी। राशि खन्ना ने ग्रीन कलर की साड़ी और मैचिंग ब्लाउज पहना है। लाइट मेकअप के साथ एक्ट्रेस ने बालों को खुला छोड़ा है और किलर पोज देते दिखाई दे रही हैं।

एक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी कातिलाना अदाओं से फैंस के दिलों पर राज करने का हुनर बखूबी जानती हैं। एक्ट्रेस राशि खन्ना बोल्ड अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपाती रहती हैं। वहीं, फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं।

राशि खन्ना अपने फैंस के लिए अपने निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।

राशि खन्ना ने अपने फिल्मी करियर की शुरूआत साउथ इंडस्ट्री से की। एक्ट्रेस की हॉटनेस देख यूजर्स दीवाने हो गए हैं और अपनी चहेती एक्ट्रेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

# अभिनेत्री से निर्माता बनीं सामंथा, पोस्टर के साथ नई फिल्म बंगाराम का किया एलान



ऊ अंटावा गर्ल फेम सामंथा रुथ प्रभु अपने 36वां जन्मदिन के खास मौके पर उनके सभी दोस्त, रिश्तेदार सेलेब्स और फैंस की लगातार शुभकामनाएं उनके सोशल मीडिया पर आ रही हैं। अपने बर्थडे को और भी खास बनाने के लिए सामंथा ने अपने फैंस के लिए एक सरप्राइज दिया है। दरअसल, आज जन्मदिन के मौके पर सामंथा ने अपनी नई फिल्म की घोषणा करते हुए फिल्म का एक पोस्टर भी शेयर किया है।

सामंथा की आगामी फिल्म का नाम बंगाराम है। सामंथा रुथ प्रभु ने कुछ ही घंटों पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी नई फिल्म की घोषणा की है। इसेक साथ ही सामंथा ने फिल्म का पोस्टर भी साझा किया है। इस पोस्टर में सामंथा का अबतक का सबसे खूंखार लुक दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर में सामंथा अपने हाथ में बंदूक पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं। उनके चेहरे पर खून के छींटे दिखाई दे रहे हैं। फिल्म बंगाराम में उनका यह लुक लोगों को डरा भी रहा है और पसंद भी आ रहा है।

सामंथा की फिल्म बंगाराम का यह पोस्टर अब फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गया है। उनका यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सामांथ ने कुछ ही घंटों पहले फिल्म का पोस्टर और मोशन वीडियो शेयर किया है। सामंथा ने पोस्ट को शेयर करते हुए लिखा, सुनहरा होने के लिए हर चीज का चमकदार होना जरूरी नहीं है, बंगाराम जल्द ही शुरू होगा।

फिल्म बंगाराम के पोस्टर को देखकर फैंस काफी उत्साहित हो गए हैं। फैंस को अभिनेत्री का यह दमदार लुक काफी पसंद आ रहा है। फैंस लगातार उनके जन्मदिन के साथ ही इस लुक को लेकर भी कमेंट कर रहे हैं। एक ने लिखा है, हैप्पी बर्थ डे क्वीन, एक और फैन ने लिखा, वैरी कूल पोस्टर। एक फैन ने लिखा, बंगाराम ऑन फॉयर।, एक और फैन ने लिखा, पोस्टर को देखकर तो मेरे रौंगटे खड़े हो गए। उम्मीद करता हूं कि यह फिल्म सुपर हिट हो। फिर से एक बार हैप्पी बर्थ डे लव।

फिल्म बंगाराम के अलावा सामंथा सिटाडेल: हनी बनी सीरीज में नजर आएंगी। राज और डीके द्वारा निर्देशित इस सीरीज में सामंथा के अलावा वरुण धवन भी हैं। स्पाई थ्रिलर सीरीज प्राइम वीडियो पर रिलीज की जाएगी।

# दीपक तिजोरी की फिल्म टिप्सी का दमदार ट्रेलर हुआ रिलीज

## 10 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिलम

90 के दशक के फेमस हीरो दीपक तिजोरी इन दिनों अपनी फिल्म टिप्सी को लेकर छाए हुए हैं। बता दें, ये फिल्म अभिनेता के निर्देशन में बनी है। मुंबई में हुए ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान निर्देशक महेश भट्ट और पूजा भट्ट भी नजर आए।

2 मिनट 32 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत गोवा जैसे खूबसूरत शहर से होती है। जहां 5 लड़कियों का एक ग्रूप घूमने जाता हैं, लेकिन इन लड़कियों के लिए ये गोवा का ट्रीप आफत बन जाएगा। इसके बारे में नहीं पता था। गर्लस का ये ट्रीप उन्हें जेल की हवा खाने पर मजबूर कर देता है। ट्रेलर में दीपक तिजोरी की भी दमदार एंट्री देखने को मिलती है। जोकि एक पुलिस अफसर के किरदार में नजर आ रहे हैं। दीपक के अलावा अलंकृता सहाय, नताशा सूरी, कैनात अरोरा, नाजिया हुसैन, सोनिया बिर्जे, हरजिंदर सिंह, मनदीप कौर संधू और दानिश भट्ट नजर आ रहे हैं।

इवेंट में दीपक तिजोरी ने अपनी दोस्त पूजा और महेश भट्ट के साथ कुछ इस अंदाज में मीडिया के कैमरों में पोज दिए। इस दैरान एक्टर येलो टी-शर्ट और ब्लैक जींस में नजर आए। वहीं, महेश ब्लैक टी-शर्ट के साथ जींस और चप्पल पहने दिखाई दिए। एक्ट्रेस पूजा की बात करे तो वह इस मौके पर ऑल ब्लैक लुक में नजर आई।

टिप्सी का निर्देशन दीपक तिजोरी ने किया है। फिल्म का निर्माण राजू चड्ढा और दीपक तिजोरी ने किया है। सना खान और अनीता शर्मा फिल्म की सह-निर्माता हैं। फिल्म को पैनोरमा स्टूडियो देशभर में रिलीज करेगा। जो 10 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।



# चेहरे पर साबुन लगाना स्किन के लिए सही होता है या नहीं? जानें इसका प्रभाव

चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए लोग कई प्रयास करते हैं। ऐसे में कुछ लोग साबुन का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं, साबुन का इस्तेमाल करना सही होता है या नहीं? चेहरे पर साबुन लगाने से कुछ लोगों को नुकसान हो सकता है। ऐसे मैं आप कुछ उपाय कर सकते हैं। चेहरे को साफ सुथरा बनाने के लिए लोग कई तरह के फेस वॉश और साबुनों का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं, चेहरे पर सीधे साबुन का इस्तेमाल करना स्किन के लिए फायदेमंद होता है या नहीं? आइए जानते हैं इसके बारे में।

सीधे साबुन का इस्तेमाल करना चेहरे के लिए खतरनाक हो सकता है। आमतौर पर चेहरे पर साबुन लगाना सही नहीं होता है। इसका कारण है साबुन में मौजूद कठोर रसायन, जो त्वचा को रूखी और खुजलीदार बनाती है। कुछ साबुन में डिटर्जेंट मौजूद होता है, जिससे त्वचा बेजान बनती है। साबुन का इस्तेमाल करने से त्वचा पर पिंपल्स होने की संभावना बढ़ जाती है। इसके अलावा त्वचा पर जलन और लालिमा जैसी समस्याएं होने लगती है। साबुन का इस्तेमाल नेचुरल स्किन को नुकसान पहुंचता है। अगर आपकी पहले से ऑइली स्किन है, तो ऑयल फ्री साबुन का इस्तेमाल करें।

अगर आपकी स्किन पर साबुन सूट हो जाती है, तो आप एक दिन में हल्के हाथों से एक या दो बार साबुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। चेहरे को साबुन से धोने के बाद मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल जरूर करें। चेहरे को चमकदार बनाने के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए फेस वॉश का इस्तेमाल कर सकते हैं। यह त्वचा को संतुलित रखने में मदद करेंगे। इसके अलावा क्लींजिंग मिल्क और ऑयल क्लींजर का इस्तेमाल आप कर सकते हैं। ध्यान रहे कुछ लोगों को साबुन से एलर्जी हो सकती है। अगर ऐसा होता है, तो डॉक्टर की सलाह जरूर।

# संविधान के तहत दिए गए आरक्षण को खत्म कर रही है भाजपा : राहुल गांधी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर। कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को चुनाव प्रचार के लिए बिलासपुर पहुंचे। जहां कांग्रेसी नेताओं ने उनका मंच पर उनका स्वागत किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि, भाजपा धीरे धीरे संविधान के तहत दिए गए आरक्षण को खत्म कर रही है। मैं भाजपा के नेताओं को चैलेंज करता हूं कि, वो कह दें कि हम किसानों का कर्ज माफकर देंगे। ये कह दें कि, किसी भी सरकारी सेक्टर को प्रायवेट नहीं करेंगे। अंग्रेजों से कांग्रेस पार्टी वाले संविधान के लिए लड़े थे इसलिए हमें संविधान की अहमियत मालूम है।**

राहुल गांधी ने आगे कहा कि, भाजपा का आक्रमण प्रायवेट सेक्टर, संविधान, गरीबी पर है। लेकिन ये चुनाव लोकतंत्र को बचाने, संविधान और गरीबों के अधिकार को बचाने का हो गया है। हम सब मिलकर संविधान की किताब की रक्षा करने जा रहे हैं। नरेंद्र मोदी हो या दुनियाभर की कोई ताकत इसे खत्म नहीं कर सकती है। उन्होंने आगे कहा कि, भाजपा कितने लोगो को बेरोजगार बनायेंगी, कितने लोगो का अधिकार खत्म करेगी, दलित और पिछड़ों का अधिकार खत्म करेगी। ये सिर्फ 22 लोगो को लाभ पहुंचाने के लिए है।



### अडानी और आदिवासी बराबर जीएसटी भरते हैं

उन्होने कहा कि, जब एक गरीब परिवार का आदिवासी युवक शर्ट खरीदता है तो उसका जीएसटी युवक भरता है और उतना ही अडानी भी जीएसटी जमा करता है। जितना धन भाजपा और मोदी सरकार ने अडानी को दिया है। हम उतनी ही राशि गरीबों को देने जा रहे हैं। भाजपा और केंद्र सरकार अडानी को करोड़पति बना रही है और हम करोड़ों को लखपति बनाने जा रहे है। पुरुष 8 घण्टे काम करते हैं लेकिन महिलाएं बाहर फिर घर मे मिलाकर 16 घण्टे काम करती हैं। देश के गरीब परिवारों की लिस्ट बनेगी। इस लिस्ट में शामिल महिला के बैंक अकाउंट में साल के 1 लाख रु दिया जाएगा।

### एक करोड़ युवाओं को देंगे नौकरी

राहुल गांधी ने आगे कहा कि, मोदी ने युवाओं को बहुत परेशान किया है। देश में 45 सालों में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है। पेपर लीक होता है, अप्रेंटिसशिप नहीं मिलती, युवाओं को हम अप्रेंटिसशिप देने जा रहे है। यानी आपकी पहली नौकरी पक्की करोड़ों युवाओं को 1 साल नौकरी मिलेगी और साल में 1 लाख रु मिलेंगे। जितना पैसा मोदी ने अडानी को पैसा दिया, उतना हम आपको देने जा रहे हैं।

### देवेंद्र यादव को वोट देने की अपील की

उन्होंने आगे कहा कि, कांग्रेस सरकार आएगी तो किसानों का कर्जा माफ होगा और किसानों को एमएसपी दी जाएगी। इसके लिए कानून बनाया जाएगा और मजदूरों को 400 रु मनरेगा दिया जाएगा। बीजेपी का मेनिफेस्टो देखो, कोविड आता है तो मोदी कहते हैं ताली बजाओ और थाली बजाओ। मोबाइल की लाइट जलाओ। राहुल गांधी ने आगे कहा कि, आप देवेंद्र यादव को लोकसभा में पहुंचाओ ये आपके हक के लिए लड़ेगा। ये चुनाव लोकतंत्र संविधान और रिजर्वेशन को बचाने का है। ये जो 50 प्रतिशत का केप लगा रखा है, उसे हम हटा देंगे।

## खास खबर

### 7 मई को मतदान के लिए जागरूक करने लगाई गई दौड़

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मतदाता जनजागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत माता चौक में सुबह 6 बजे से जिला प्रशासन द्वारा रन टू वोट कार्यक्रम आयोजित किया गया , जिसमें कोई भी नागरिक भाग लें सकता है। यह ओपन दौड़ सारंगढ़ से ग्राम कोतरी तक किया गया। भारत माता चौंक पर ही पीटीआई द्वारा दौड में भाग लेने वालों का रजिस्ट्रेशन कार्य कियें । चुनाव आयोग के निर्देश पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित था। लोकसभा निर्वाचन को लेकर कलेक्टर धर्मेश साहू की उपस्थिति में स्वीप नोडल हरिशंकर चौहान एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी वासु जैन के मार्गदर्शन पर स्वीप दौड़ का गणेश हुआ। इस दौड़ में कलेक्टर साहू , नोडल चौहान , एसडीएम जैन एवं डॉ. आर एल सिदार के साथ ही साथ अन्य अधिकारियों ने भी दौड़ लगाई । जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर धर्मेश साहू के द्वारा स्वीप कार्यक्रम तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जिले में मतदाताओं को 7 मई को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।जिसके तहत दीप प्रज्वलित कर , कैंडल मार्च निकाल, नव विवाहित वधुओं को शपथ , रंगोली प्रतियोगिता, क्रिकेट प्रतियोगिता के साथ सोमवार को स्वीप दौड़ का आयोजन किया गया था, जिसमें 50 प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

### परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने कार्यशाला आयोजित

**कांकेर।** परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने हेतु जिले के समस्त 247 हाई एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों तथा निजी विद्यालयों में ऑनलाईन दक्षता विकास प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में जिले के सभी प्राचार्य वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिले के सभी विद्यालयों के साथ-साथ जिला स्तर पर भी जिला पंचायत के सभाकक्ष में उक्त कार्यशाला का प्रसारण किया गया, जिसमें जिला मुख्यालय एवं आसपास के सभी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला में बताया गया कि आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आने वाले हैं। परीक्षा परिणाम के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किन्तु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसादग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। इस दौरान शिक्षकों एवं पालकों को विद्यार्थियों के तनाव को दूर करने के उपायों के बारे में बताया गया।

### निर्वाचन की प्रक्रियाओं का रखें विशेष ध्यान-कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल ने आज पालीटेक्निक कालेज में चल रहे जिला स्तरीय मतदान दलों के तृतीय प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। यहां लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र के पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी क्रमांक 1, 2, 3 को जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री शशिकांत कुर्रे तथा तहसीलदार तमनार रिचा सिंह उपस्थित रहे। कलेक्टर गोयल ने कक्षवार प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में सीआरसी महत्वपूर्ण होती है, मॉकपोल पश्चात सीआरसी करना न भूले। इस दौरान उन्होंने मशीनों के रख-रखाव एवं बचाव के संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदान केन्द्र के संबंध में बताया कि कुल 543 मतदान केन्द्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे।

## आदर्श मतदान केंद्र नये आइडिया के साथ बनायेः कलेक्टर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में जिला अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि जिन-जिन अधिकारियों को आदर्श मतदान केंद्र की ज़िम्मेदारी सौंपी है। उसमें मेहनत दिखनी चाहिए।उन्होंने लोकसभा निर्वाचन के दौरान छत्तीसगढ़ के विधानसभा क्षेत्रों में प्रथम और द्वितीय चरण में संपन्न हुए मतदान केंद्रों में बनाये गये आदर्श मतदान केंद्रों के सचित्र उदाहरण के तौर पर टीवी स्क्रीन पर अधिकारियों को दिखाए।

कलेक्टर रणबीर शर्मा नए कहा कि आप भी इससे बेहतर नये आइडिया के साथ आदर्श मतदान केंद्र आकर्षक बनाये। मतदाताओं के लिए छाव,पानी का भी इंतजाम करें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने-आगामी 2 मई को जिला मुख्यालय में सायकल व दो पहिया वाहन रैली का आयोजन किया जायेगा। उसमें सोनिया स्वयं और स्टाफ कि शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें। सायकल को छोड़ दो पहिया वाहन में में हेलमेट के साथ रैली में शामिल हो। बिना हेलमेट शामिल ना हो। रैली प्रातः 7 बजे से आयोजित होगी। बैठक में सीईओ जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल, अपर कलेक्टर डॉ.अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग,एसडीएम बेरला पिंकी मनहर,डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल डाक मतपत्र दिव्या पोटाई,सहित ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

'कलेक्टर ने आगे कहा कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र क्र. 07 दुर्ग अन्तर्गत जिले की तीनों की विधानसभा क्षेत्र के में उपयोग होने वाले ईवीएम, मतदान युनिट (बीयू), नियंत्रण यूनिट (सीयू) एवं वीवीपैट मशीनों के कमीशनिंग कार्य कल 30 अप्रैल 2024 (मंगलवार) को प्रातः 9 बजे से ज़िला मुख्यालय स्थित मंडी परिसर स्थित कक्ष में होगा। सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी कमीशनिंग कार्य को पूरी सावधानी के साथ करें। उन्होंने निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारी की ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफ़िकेट) फॉर्म वितरण की जानकारी ली।'

## गीला और सूखा कचरा अलग लेने निगम ने जोर दिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम के कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर निगम के सभी 10 जोनों के द्वारा गीला और सूखा कचरा अलग - अलग लेने पर जोर दिया जा रहा है। सभी जोनों के स्वास्थ्य अधिकारी स्वच्छता दीदियों के साथ घूमकर कचरा अलग - अलग देने हेतु नागरिकों को जागरूक कर रहे हैं।

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ तृप्ति पाणिग्रही ने आज सुबह गुढ़ियारी के जनता कालोनी क्षेत्र में घर - घर जाकर गीला और सूखा कचरा अलग - अलग लेने के कार्य का अवलोकन किया। इस क्षेत्र में करीब 75 फीसदी नागरिक कचरे को अलग - अलग कर दे रहे हैं। यहां जोन स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिया गया कि स्वच्छता दीदियों के माध्यम से सभी नागरिकों को जागरूक कर कचरा अलग कर देने हेतु जागरूक कर 100 फीसदी कचरा अलग लेने हेतु जागरूक किया जाए।

डॉ पाणिग्रही ने अशोक नगर और शिवानंद नगर में चल रहे सफ ाई कार्यों का अवलोकन किया। सभी जगह सफाई कर्मचारियों की गिनती की करवाई जहां कर्मचारियों की उपस्थित सन्तोष जनक पाई गई। दो दिन पहले निगम कमिश्नर श्री मिश्रा ने भी जोन क्रमांक 1 में कचरा संग्रहण कार्य का अवलोकन किये थे। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि गीला और सूखा कचरा सेकेंडरी कलेक्शन पाइट तक अलग - अलग होकर ही पहुंचे। जिसकी निगरानी लगातार की जाएगी।

## मतदान के लिए प्रेरित करने बाल गोपाल हॉस्पिटल दे रहा है विशेष छूट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर के प्रतिष्ठित शिशु चिकित्सालय बाल गोपाल हॉस्पिटल रायपुर के मतदाताओं को प्रेरित करने परामर्श शुल्क व जांच में छूट की घोषणा की है। यह छूट मतदान तिथि 07 मई से 12 मई तक मतदाताओं को प्राप्त होगी। इसके लिए उन्हें अंगुली का निशान दिखाना होगा। हॉस्पिटल के फाउंडर डॉ. अशोक भट्टर ने इस आशय की घोषणा करते हुए रायपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह से मुलाकात कर इस संबंध में अवगत कराया है।

रायपुर के मतदाताओं को मताधिकार का प्रयोग हेतु प्रेरित करने नगर के कई बड़े अस्पताल, होटल सहित चेम्बर ऑफ कॉमर्स से जुड़े व्यापारिक समूह लगातार अपनी सेवा शुल्क में छूट की घोषणा कर रहे हैं। इसी क्रम में आज बाल गोपाल हॉस्पिटल ने भी मतदान तिथि 07 से लेकर 12 मई तक मतदाता के बच्चों के हेल्थ चेकअप व ओपीडी परामर्श पर 30 प्रतिशत व टेस्टिंग में 10 प्रतिशत छूट दिए जाने की घोषणा की है।

डॉ. भट्टर ने आगे बताया कि मतदान दिवस 07 मई को ग्रीष्म ऋतु में मतदान के लिए आने वाले वोटर्स और वहां नियुक्त मतदान कर्मियों व पुलिस बल को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए बाल गोपाल अस्पताल द्वारा ओआरएस, शुद्ध ठंडा पेयजल, नींबू पानी आदि की व्यवस्था भी की जाएगी।

## नवीन व युवा मतदाताओं ने दिया मतदान अवश्य करने का संदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज




**अम्बिकापुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर, जिला पंचायत सीईओ नूतन कुमार कंवर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक, मेडिकल कॉलेज के अस्पताल अधीक्षक डॉ रमणेष मूर्ति, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ आर सी आर्या, प्रोफेसर डॉ राजेश श्रीवास्तव, डॉ लखन सिंह सहित कॉलेज के विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से सम्बन्धी रंगोली, गीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक, कविता पाठ के द्वारा मतदाताओं को मतदान अवश्य करने का संदेश दिया। कलेक्टर भोस्कर ने कहा कि नए एवं युवा मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से यहां मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा आप सभी युवा भारत देश का भविष्य हैं, आने वाला समय आपका है, देश को विश्व गुरु बनाना आप सब के हाथ में है। इसलिए एक अच्छा प्रतिनिधि चुनने के लिए मतदान अवश्य करें, वोट आपका अधिकार है और इस अधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लें।

इसके साथ ही अपने घर-परिवार, आस-पास के लोगों को भी मतदान करने प्रेरित करें। उन्होंने इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु की गई गतिविधियों की सराहना की। इस अवसर पर सभी को लोकतांत्रिक परम्पराओं को रखने तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना, सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलायी गई।

# सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में पक्षियों के लिए दाना फीडर व सकोरे का वितरण आरंभ, 2 मई को महापूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में ध्वजारोहण महोत्सव पर मूक पशु पक्षियों की सेवा भावना से 500 पक्षी दाना फ़ीडर व सकोरे के वितरण का शुभारंभ दादागुरुदेव के सम्मुख इक्तिसा जाप से साथ किया गया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि ध्वजा महोत्सव पर धार्मिक आडम्बर में कटौती कर मूक पशु पक्षियों की सेवा के साथ सीमंधर स्वामी जीव दया फंड की स्थापना की जा रही है।

कोचर ने बताया कि दादागुरुदेव के सम्मुख इक्तिसा जाप के साथ भैरव सोसायटी की महिलाओं को दाना फ़ीडर व सकोरे का वितरण कर योजना का शुभारंभ किया गया। सीमंधर महिला मण्डल की मंजू कोठारी व मयूरी गोलछा ने कहा कि वे दाना फ़ीडर सकोरे के सेट को अपनी बाल्कनी व गार्डन में लगाकर रखेंगे तथा प्रतिदिन दाना व पानी डालती रहेंगी जिससे गर्मी में पक्षियों को आसानी से भरपेट दाना पानी मिल सकेगा।

ध्वजा महोत्सव प्रतिष्ठाचार्य खरतरगच्छाधिपति आचार्य जिनमणि प्रभ सूरीश्वर के आशीर्वाद से उपाध्याय प्रवर, आध्यात्म योगी महेन्द्र सागर के सुशिष्य उपाध्याय मनीष सागर व मुनिभगवंत आदि ठाणा के पावन सानिध्य में आयोजित है। 3 मई को सप्तम ध्वजा महोत्सव पर विधिकारक विमल गोलछा द्वारा सत्तरभेदी पूजा का विधान होगा। ध्वजा पूजा के विधान में शिखरबद्ध जिनमंदिर में सीमंधर स्वामी मूलनायक की अमर ध्वजा के लाभार्थी मूलचंद संतोष सरला देवी बैद परिवार द्वारा फ्हराई जावेगी। जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी की अमर ध्वजा लाभार्थी जिनकुशल सूरि की ध्वजा तिलोकचंद , शांतिलाल , अशोक कुमार बरड़िया परिवार, जिनदत्त सूरि की ध्वजा श्रीमती पुष्पादेवी कोठारी मनोज कविता कोठारी परिवार , मणिधारी जिनचन्द्रसूरी की ध्वजा महेन्द्र कुमार तरुण कुमार, मानस, गौरव, कल्प, गर्वित कोचर परिवार द्वारा फ्हराई जावेगी ।

2 मई को सभी प्रतिमाओं का वर्षभर की आशातनाओं से शुद्धि प्रत्यर्थ 18 अभिषेक पूजन होगा ।

### परीक्षा परिणाम : तनाव को दूर करने की पहल

**रायगढ़।** आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थियों द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। जैसे-जैसे बोर्ड परीक्षा परिणाम के दिन नजदीक आते जा रहे हैं, छात्रों के दिलों की धड़कन बढने लगी है। 10वीं और 12वीं के छात्रों के चेहरे पर चिंता व तनाव साफ तौर पर देखा जा सकता है।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास खबर

### घर के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर ( ए. )।** शांति विहार कालोनी डगनिया में घर के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंद्रशेखर रहंगडाले 35 वर्ष शांति विहार कालोनी डगनिया का रहने वाला है। बताया जाता है कि कल शाम वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनक्यू 3272 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गया जुमला कीमती 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ई-रिक्सा पलटने से बुजुर्ग महिला की मौत

**रायपुर ( ए. )।** ग्राम नारा से भानसोज रोड में ई-रिक्सा पलटने से बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं ई रिक्सा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका चंदा देवी बंजारे 65 वर्ष ग्राम गोढ़ी की रहने वाली थी। बताया जाता है कि वह ई-रिक्सा क्रमांक सीजी 04 पीक्यू 9802 में बैठकर कहीं जा रही थी। तभी ग्राम नारा से भानसोज मेन रोड पर चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए ई रिक्सा को पलटा दिया। जिससे चंदा देवी के सिर पर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### गांजे की तस्करीः जांजगीर में दो को दबोचा, एक लाख की कीमत का गांजा बरामद

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर चांपा के जिला मुख्यालय के नया बस स्टैंड के पास से 10 किलो 605 ग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ दो आरोपीयो को गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी ओडिशा के बलांगीर से नागपुर में ऊंचे दामों पर बिक्री किया करते थे। यह सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला बताया जा रहा है। सिटी कोतवाली प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया की सूचना मिली थी कि नया बस स्टैंड के पास दो व्यक्ति अपने पास गांजा रखे हुए है।



बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों लोगों को पकड़ा। मौके पर रखे बैग की तलाशी की गई तो उसके अंदर गांजा भरा हुआ था। जिसमें से 10.605 किलो गांजा कीमती एक लाख सात हजार 566 रुपय जब्त किए हैं। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 बी 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है। सोमवार को दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। जानकारी के लिए बता दें कि आरोपी मुन्ना कुमार 26 वर्ष बिहार और गोविंद यादव निवासी उत्तरप्रदेश दोनों गांजा तस्करी का काम करते हैं। 29 अप्रैल को ओडिशा से गांजा लेकर ट्रेन से नागपुर जा रहे थे। मगर दिन होने के कारण जांजगीर के नैला रेलवे स्टेशन पर उतर गए। क्योंकि बिलासपुर में पकड़े जाने का डर था। नैला रेलवे से उतरकर नया बस स्टैंड पहुंचे। जहां गांजा को खपाने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे।

# इलेक्ट्रिक स्कूटी ने मचाई तबाही

## चार्जिंग के दौरान हुआ ब्लास्ट, दो मंजिला मकान जलकर खाक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**अंबिकापुर।** इलेक्ट्रिक स्कूटर में आग लगने की घटनाएं इन दिनों काफी बढ़ गई हैं। गर्मी को इसका कारण बताए या तकनीकी खामियां। ताजा मामले में सरगुजा जिले के अंबिकापुर में बीती रात चार्जिंग में लगे स्कूटर में ब्लास्ट हो गया। इससे दो मंजिला मकान में आग लग गई। आग लगने के बाद घर में 9 लोग फंस गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सभी को सुरक्षित बाहर निकाला।

घटना सरगुजा जिला के अंबिकापुर नगर के रिहायशी क्षेत्र कुंडला सिटी की है। यहां रहने श्याम मोबाइल के संचालक आशीष अग्रवाल ने अपने मकान की पार्किंग में इलेक्ट्रिक स्कूटी को चार्जिंग में लगाया और उसके बाद परिवार के लोग खाना खाकर सोने चले गए। रात लगभग पार्किंग में चार्ज में लगे इलेक्ट्रिक स्कूटी में विस्फोट हो गया और पार्किंग में रखे बड़े-बड़े कार्टून में आग लग गई। देखते ही देखते आग फैल गई और दो मंजिला मकान को चपेट में ले लिया।

आग को देखकर आसपास के लोग बाहर निकल गए और पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके बाद अम्बिकापुर फायर ब्रिगेड की दो टीमें मौके पर पहुंची और आग बुझाने का काम शुरू किया। फायर ब्रिगेड टीम ने करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। आगजनी में दोनों मंजिलों में रखा सामान पूरी तरह से जल गया है और कुछ भी सुरक्षित नहीं बचा। मंगलवार तड़के 3:30 बजे तक आग बुझाने व रेस्क्यू काम चलता रहा। आगजनी से करीब 50 लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान जताया है।

### 9 लोग फंसे थे मकान में, पुलिस ने किया रेस्क्यू

मकान में आग लगने की सूचना के बाद थाना कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और देखा कि मकान के अंदर कुल 9 लोग फंसे हैं। लगातार आग फैल रही थी। इसे देख पुलिस की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया। पुलिस ने मकान के पीछे से चढ़कर प्रथम तल का खिड़की ग्रिल तोड़कर अग्निशमन वाहन की सहायता से 3 बच्चों सहित सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस आग ने एक बार फिर इलेक्ट्रिक वाहन के खतरे से अवगत कराया है। चार्जिंग के दौरान ब्लास्टिंग से राजधानी रायपुर में एक घर जलकर खाक हो गया था।

### फैक्ट्री में सेंधमारी, 300 क्विंटल तांबा उड़ा ले गए चोर

**भिलाई।** जामुल थाना क्षेत्र के लाईट इंडस्ट्रीयल एरिया 21/डी स्थित अश्मिनि कंट्रोल्स फैक्ट्री में सेंधमारी हुई है। अज्ञात चोरों ने फैक्ट्री में घुसकर 300 क्विंटल तांबा पार कर दिया। फैक्ट्री मालिक 29/04 नेहरू नगर ईस्ट संदीप अग्रवाल की शिकायत पर जामुल पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संदीप अग्रवाल ने अपनी शिकायत में बताया कि 27 अप्रैल की शाम 6 बजे काम बंद होने के बाद सभी स्टाफ के जाने के बाद फैक्ट्री को बंद कर वह अपने निवास नेहरू नगर चला गया था। 29 अप्रैल को सुबह करीबन 7 बजे पड़ोस की कंपनी के गार्ड ने कॉल कर कहा कि उनकी कंपनी के शटर का ताला टूटा हुआ है और कंपनी के अंदर का सामान बिखरा हुआ है। तत्काल संदिप अग्रवाल अपने स्टाफ हरिश राजभर एवं प्रफुल्ल यादव के साथ कंपनी पहुंचा। कंपनी के शटर एवं ऑफिस का ताला टूटा हुआ था अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि कंपनी में रखा तांबे का तार करीब 04-05 बण्डल वजनी करीबन 250-300 किग्रा चोरी हो गया।

## फर्जी मार्कशीट पर कर रहा था नौकरी, गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने 30 साल से भिलाई स्टील प्लांट में फर्जी मार्कशीट के आधार पर नौकरी करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसने बीएसपी में नौकरी पाने के लिए फर्जी अंकसूची के साथ साथ फर्जी अनुकंपा नियुक्ति का दस्तावेज तैयार किया और नौकरी पा ली। भट्ठी पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक फर्जी दस्तावेज तैयार कर भिलाई इस्पात संयंत्र में नौकरी करने वाले नटवरलाल की पहचान किशन लाल 59 वर्ष के रूप में हुई है। उसे पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 420,467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज किया है।

भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि गुंडरदेही बालोद निवासी मंथीर राम टंडन ने पिछले साल एसपी कार्यालय में शिकायत की थी कि उसके पिता लैनू राम टंडन बीएसपी के कोक ओवन विभाग में सीनियर ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। वर्ष 1990 पिता मेडिकल अनफिट हो गए। इसके चलते छोटे भाई किशन लाल ने अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन किया था। उस दौरान उसने 10वीं पास का सार्टिफिकेट लगाया था, जबकि उनका भाई 10वीं की परीक्षा में फेल हो गया। बीएसपी में नौकरी पाने के लिए किशन ने फर्जी 10वीं पास की मार्कशीट और अनुकंपा नियुक्ति के दस्तावेज तैयार किए। इसके आधार पर उसने बीएसपी में नियमित कर्मचारी के रूप में एमएम सिविल मेंटनेंस डिपार्टमेंट सेक्टर 9 में अटेंडेंट सिविल के पद पर नियुक्ति पा ली। टीआई रंगारी ने बताया कि शिकायत के बाद पूरे मामले की जांच शुरू की गई। बीएसपी से दस्तावेज मांगे गए तो पता चला कि किशन लाल ने वर्ष 1993 में एनएमआर की श्रेणी में अनुकंपा नियुक्ति के समय जो दस्तावेज अपनी शैक्षणिक योग्यता के संबंध में जमा किया था। वह फर्जी दस्तावेज थे। इस आधार पर भट्ठी पुलिस ने आरोपी किशन लाल निवासी ग्राम-पुरई उतई निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## आईपीएल मैच पर लगा रहे थे दांव, 3 गिरफ्तार

**रायपुर ( ए. )।** रायपुर पुलिस ने आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेलने वाले तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। तीनो आरोपियों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के खिलाफ टिकरापारा थाना में छत्तीसगढ जुआ ( प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

दरअसल 28 अप्रैल को थाना टिकरापारा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई की थाना टिकरापारा क्षेत्रांतर्गत अलग-अलग स्थान- सिमरन सिटी, तरूण बाजार, संतोषी नगर के पास क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहे है। सूचना पर थाना टिकरापारा एवं एंटी क्राइम और साइबर यूनिट की विशेष टीम तैयार कर टीम के सदस्यों द्वारा उक्त स्थानो पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। सिमर सिटी से पकड़े गए संदेही व्यक्ति से पूछताछ करने पर वह अपना नाम- भूपत महोबिया पिता स्व. दिलीप महोबिया उम्र 40 साल निवासी शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर का निवासी होना बताया गया उनके पास रखे वीवो कंपनी के मोबाईल फोन को चेक करने पर आरोपी द्वारा अपने मोबाईल से ऑनलाइन क्रिकेट पर सट्टा खेलते मिला।

वहीं तरूण बाजार से पकड़ाए संदेही व्यक्ति से पूछताछ करने पर वह अपना नाम- शुभम केवलानी पिता नंद लाल केवलानी 28 साल साकिन सांई सिमरन सिटी मठपुरैना टिकरापारा रायपुर का निवासी होना बताया गया उनके पास रखे रेडमी कंपनी के मोबाईल फोन को चेक करने पर आरोपी द्वारा अपने मोबाईल से ऑनलाइन क्रिकेट पर सट्टा खेलते मिला। सिमर सिटी से पकड़ाए संदेही व्यक्ति से पूछताछ करने पर वह अपना नाम- अभिषेक गुप्ता पिता शिव प्रसाद गुप्ता 23 साल साकिन शिव कबाड़ी शिव नगर मठपुरैना टिकरापारा रायपुर का निवासी होना बताया गया उनके पास रखे वीवो कंपनी के मोबाईल फोन को चेक करने पर आरोपी द्वारा अपने मोबाईल से ऑन लाईन क्रिकेट पर सट्टा खेलते मिला। तीनों आरोपियों के मोबाईल चेक करने पर अवैध रूप से मोबाईल से क्रिकेट मैच पर ऑनलाईन सट्टा एप लिंक पर खेलते मिले जिसे मोबाईल के साथ आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के विरूद्ध थाना टिकरापारा में 7 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत लगातार अपराध क्रमांक 342/24, 343/24, 344/24 अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी में भूपत महोबिया पिता स्व. दिलीप महोबिया 40 साल निवासी शहीद भगत सिंह चौक टिकरापारा रायपुर छग। शुभम केवलानी पिता नंद लाल केवलानी 28 साल साकिन सांई सिमरन सिटी मठपुरैना टिकरापारा रायपुर छग। अभिषेक गुप्ता पिता शिव प्रसाद गुप्ता 23 साल साकिन शिव कबाडी शिव नगर मठपुरैना टिकरापारा रायपुर छग। इस कार्रवाई में निरीक्षक दुर्गेश रावटे थाना प्रभारी टिकरापारा, सहायक उप निरीक्षक कन्हैया जांगडे, प्रधान आरक्षक महेश नेताम, आरक्षक सुनील पाठक, अश्वन साहू, विवेक यादव, रविन्द्र राजपूत, टुकेश्वर रजक, चंद्रभान भदौरिया, रूपलाल ध्रुवंशी एवं एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट के उप निरीक्षक मुकेश सोरी प्रधान आरक्षक अनूप मिश्रा, मोहम्मद सुल्तान, आरक्षक भूपेन मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## आलू की बोरियों के बीच छिपाकर ले जा रहा था 50 लाख कैश, पुलिस चेकिंग में पकड़ाया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस पार्टियां हाइवे सहित अन्य प्वाइंट पर सरप्राइज जांज कर रही है। इसी कड़ी में रायपुर महासमुंद हाइवे पर तिराहे के पास पुलिस की जांच में 50 लाख कैश मिला है। महासमुंद तिराहे के पास चेकिंग के दौरान पिकअप क्रमांक ओडी 02 सीएफ 5591 की जांच की गई। इसमें आलू से भरी बोरियां रखी गई थी। बारीकी से जांच करने पर 50 लाख कैश बरामद किया गया।

बता दें जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी तथा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट और एसएसटी, फ्लाइंग स्क्वाड के माध्यम से राज्य व जिले से बाहर आने जाने वाली वाहनो पर सतत निगरानी रखने के उद्देश्य से जगह-जगह चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की तलाशी करने निर्देशित किया गया है।

इस बीच महासमुंद तिराहे के बाद पिकअप को रोका गया। पिकअप को ढेंकानाल ओडिशा निवासी ड्राइवर प्रताप प्रधान चला रहा था। पुलिस ने पिकअप को रुकवाया तो आलू की बोरियों के बीच कार्टून में छिपा कर रखा गया 50 लाख रुपए मिला। चालक द्वारा पैसे संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके बाद 102 सीआरपीसी के तहत जप्त किया गया है और इनकम टैक्स विभाग को सूचित किया गया है। इस कार्रवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कीर्तन राठौर के साथ उक्त कार्यवाही में टीआई आरंग सत्येंद्र श्याम, प्रधान आरक्षक ऋषि पटेल, गिरधर प्रजापति एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## हाइवे पर खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई, पांच वाहन जब्त, वाहन मालिकों को दी समझाइश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** नेशनल हाइवे सहित नो पार्किंग पर खड़े भारी वाहनों पर यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है। एसपी के निर्देश पर ट्रैफिक डीएसपी सतीष ठाकुर मार्ग दर्शन में कुम्हारी, पावर हाउस व नंदिनी रोड में पार्क किए हुए पांच वाहनों के खिलाफ चालान बनाया गया। खडे वाहनों पर यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा अपराध की धारा 283 के तहत संबंधित थानों के अंतर्गत मामला दर्ज कराते हुए वाहन जब्त किया गया।

यातायात निरीक्षक चंद्रकांत कोसरिया, निरीक्षक बोधीराम धीरहे एवं उनकी टीम के द्वारा नेशनल हाईवे एवं नंदनी रोड में सड़क पर खड़े 5 भारी वाहन जब्त किए। इस दौरान वाहन क्रमांक सीजी 04 एमसी 4114, एमएच 27 बीएक्स 7771, एनएल 01 एफ 9727, आरजे 09 जीडी 6956, आरजे 27 जेडी 0996 को जब्त किया। छावनी एवं कुम्हारी में धारा 283 के अंतर्गत अपराध दर्ज कराया गया। वाहन मालिक एवं चालक को अग्रिम कार्रवाई के लिए न्यायालय पेश किया जाएगा। यातायात पुलिस ने वाहन मालिकों को समझाइश देते हुए सड़क किनारे गैरेज संचालन करने वाले को समझाइस दी है। सड़क पर वाहन खड़ा कर कार्य न करने व हाइवे पर भारी वाहनों को पार्क न करने की समझाइश दी।

### 11 दोपहिया वाहन के साथ 4 बदमाश गिरफ्तार

# दुर्ग पुलिस की कार्रवाई : वाहन चोर गिरोह पकड़ाया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** दुर्ग पुलिस को वाहन चोरी के अलग अलग मामलों में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने ऐसे चार बदमाशों को गिरफ्तार किया जो अलग अलग क्षेत्रों में दो पहिया वाहन चुराते थे। इस चोर गिरोह के पास से पुलिस ने लगभग 6 लाख रुपए के 11 दोपहिया बरामद किया है। बदमाशों पर अलग अलग थानों में कार्रवाई की गई है।

बता दें जिले में लगातार वाहन चोरी की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने विशेष निर्देश दिए। सभी थाना क्षेत्रों में ऐसे मामलों को गंभीरता पूर्वक निपटाने कहा गया। इसे देखते हुए विशेष टीम को वाहन चोरों की निगरानी में लगाया गया। जेल से रिहा हुए पूर्व के आदतन अपराधियों पर भी निगाह रखी जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि 02 व्यक्ति जो पूर्व में जिला रायपुर से वाहन चोरी के मामले में गिरफ्तार हुए थे वे वाहन बेचने के लिए ग्राहक तलाश कर रहे हैं। पुलिस की टीम ने सूचना के आाधार पर घेराबंदी कर उक्त दोनों व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम राहूल तांडी व भूषण बंजारी बताया। दोनों ने मिलकर भिलाई नगर क्षेत्र से 2 मोटर सायकल व 5 मोटर सायकल रायपुर के अलग-अलग थाना क्षेत्र से चुराना बताया। आरोपियों के कब्जे से उक्त चोरी की मोटर सायकल बरामद कर जब्त किया गया।

इसी प्रकार मुखबिर की सूचना के आधार पर रामनगर उरला में चोरी की मोटर सायकल बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश दो लोगों को पकड़ा गया। पकड़े गये व्यक्तियों से पूछताछ करने पर अपना नाम सागर ढीमर व दानेश्वर साहू तथा उक्त वाहन के संबंध में पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार किया। पूछताछ में 3 मोटर सायकल थाना दुर्ग क्षेत्र से, 01 एक्टिवा थाना मोहन नगर क्षेत्र से इस प्रकार कुल 4 वाहन चोरी करना बताया। आरोपियों की निशानदेही पर उक्त वाहन जब्त किए गए। इस पूरी कार्रवाई में एएसआई पूर्ण बहादुर, प्रधान आरक्षक विजय शुक्ला, आरक्षक जुगनु सिंह, संतोष गुप्ता, अनुप शर्मा, पन्ने लाल, उपेन्द्र यादव, शहबाज खान, शिव मिश्रा, विक्रांत यदु, थाना भिलाई नगर से प्रधान आरक्षक धनंजय वर्मा आरक्षक हेमन्द्र कुर्रे एवं थाना दुर्ग से एएसआई पूरन दास, प्रधान आरक्षक योगेश चंद्राकर, आरक्षक प्रशांत पाटनकर, उत्कर्ष सिंह, अलाउद्दीन, लव पाण्डेय की उल्लेखनीय भूमिका रही।

### अवैध शराब बेचते तीन गिरफ्तार

**रायपुर ( ए. )।** डीडीनगर एवं माना पुलिस ने के टीम ने अवैध शराब बेचते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 66 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर महादेवा तालाब के पास चंगोराभाठा में दबिश देकर आरोपी रिंकु देवांगन 23 वर्ष व मंटू देवांगन 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 49 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने ग्राम डुमरतराई में आरोपी उमेश वैष्णव 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 17 पाव देशी शराब जब्त किया है।















## खास - खबर

### मतदाता रथ की निःशुल्क सुविधा से 80 प्लस तथा दिव्यांग मतदातागण अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे - कलेक्टर

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग के आर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में 80+ दिव्यांग मतदाता रथ कार्ययोजना अनुसार निर्देश दिए गए है। मतदान दिवस 07 मई को दिव्यांग एवं 80 साल से अधिक आयु के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए दिव्यांग मतदाता रथ की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। इस निःशुल्क परिवहन के जरिए दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान के दिन उनके आवास स्थल से मतदान केंद्र तक लाने तथा मतदान के बाद उन्हें घर तक छोड़ा जाएगा। वाहन बुक करने के लिए टोल फ्री नंबर 1950 पर कॉल किया जा सकता है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में मतदान दिवस 07 मई को दिव्यांग मतदाता रथ द्वारा दिव्यांग एवं 80 आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के लिए निशुल्क परिवहन व्यवस्था की गई है। चिह्नांकित दिव्यांग व 80 आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं के द्वारा मांग करने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने के लिए दिव्यांग मतदाता रथ की निःशुल्क परिवहन व्यवस्था रहेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान दिवस 07 मई 2024 दिन मंगलवार, समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों को उनके मांग जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केंद्र तक लाने एवं मतदान पश्चात् वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने हेतु निःशुल्क वाहन व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

### सुविधा केन्द्रों में डाक मतपत्र के द्वारा मतदान के लिए योगिता बंजारे प्रभारी अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत सुविधा केन्द्रों में डाक मतपत्र के द्वारा मतदान हेतु निर्धारित संपूर्ण प्रक्रिया का पालन कराए जाने व आवश्यक सामग्री/दस्तावेज कोषालय से सुविधा केन्द्र एवं वापसी हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया था। पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए दुर्ग जिले के समस्त विधानसभा के लिए नायब तहसीलदार श्रीमती योगिता बंजारे को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। ज्ञातव्य है कि दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में तैनात रहेंगे को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराए जाने हेतु 28 अप्रैल से 01 मई एवं 04 से 05 मई (प्रात: 9 से शाम 5 बजे तक) बीआईटी कॉलेज दुर्ग में सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

### काम, क्रोध, मोह, मत्सर से मुक्त हो जाना ही मोक्ष : स्वामी निरंजन महराज

**दुर्ग।** जब तक हममें जीवन से हमें मिली सौगातों के प्रति धन्यवाद का भाव? नही आयेगा हम कभी खुश नही हो सकते,परिस्थितियों को जिस दृष्टिकोण से देखेंगे हम वही महसूस करने लगते हैं। संसार की रचना में समता का भाव है, हमारा विचार है जो भेद कर लेता है। सबके लिए चुनौतियां भी है और अवसर भी। कोई धन से सुखी तो तन से दुखी है ,हर पल चुनौतियों से भरा है जिसके लिए आंतरिक शक्ति की जरूरत होती है। जीवन में शुभ संकल्प हो, कल्याण की भावना हो तो सागर का भी मंथन कर अमृत प्राप्त किया जा सकता है।

# अप्रैल रहा ठंडा अब बढ़ेगी गर्मी, मौसम विभाग की चेतावनी 44 के पार जाएगा पारा



## मौसम विभाग ने दी है हीटवेव की चेतावनी, घर से निकले तो रहे सावधान

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ में अब मौसम बदलने वाला है। गर्मी के सीजन में अप्रैल माह अपेक्षाकृत ठंडा रहा है, वहीं मई माह में भीषण गर्मी पढ़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने भी हीट वेव की चेतावनी जारी की और इस दौरान बचाव के तरीके भी बताएं हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अप्रैल में वेस्टन डिस्टरबेंस और सिस्टम बनने के कारण अधिकतम तापमान अब पहले जैसा नहीं पहुंच रहा है। अगले 3 दिनों में अधिकतम तापमान में 2 से 5 डिग्री बढ़ोतरी होगी। इसके साथ ही अधिकतम तापमान 44 के पार जा सकता है।

सोमवार को प्रदेश में सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान 43 डिग्री डोंगरगढ़ में रिकॉर्ड किया गया। सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.6 जशपुर में रिकॉर्ड किया गया16 जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया है। रायपुर में सोमवार को 41 डिग्री तापमान रिकॉर्ड किया। दुर्ग भिलाई में सोमवार को तापमान 40 डिग्री के पार रहा जो आगे जाकर और बढ़ सकता है। इसी प्रकार बिलासपुर में अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार प्रदेश सहित जिले में मई का औसत तापमान अधिक होने की संभावना है। अधिकांश भागों में लू-तापघात की स्थिति निर्मित हो सकती है।

### लू से बचाव के उपाय

लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी से ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। अत: इससे बचाव के लिए निम्न बातों का ध्यान रखना चाहिए- बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर ना जाए। धूप से निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें। पानी अधिक मात्रा में पीये और अधिक समय तक धूप में न रहें। गर्मी के दौरान नरम मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। इसी प्रकार अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीयें। चक्कर आने, उल्टी आने पर छायादार स्थान पर विश्राम करें तथा शीतल पेय जल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से नि:शुल्क परामर्श लिया जाए और उल्टी, सर दर्द, तेज बुखार की दशा में निकट के अस्पताल अथवा स्वास्थ्य केन्द्र से जरूरी सलाह लिया जाए।

### मौसम विभाग ने हीटवेव की चेतावनी

मौसम को ध्यान में रखते हुए राज्य में लू-तापघात से आवश्यक तैयारी एवं बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश तैयार किये गये हैं। इसमें लू के लक्षण एवं बचाव के कारण बताये गये हैं। लू के सामान्य लक्षणों में सिर से भारीपान और दर्द होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक हो जाने के बाद भी पसीने का न आना, अधिक प्यास और पेशाब कम आना, भूख कम लगना तथा बेहोश होना।

### लू लगने पर किये जाने वाला प्रारंभिक उपचार

बुखार पीड़ित व्यक्ति के सर पर ठण्डे पानी की पट्टी लगावें, अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावें जैसे कच्चे आम का पना, जल जीरा आदि, पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा देवें, शरीर पर ठण्डे पानी का छिड़काव करते रहें, पीड़ित व्यक्ति को यथाशीघ्र किसी नजदीकी चिकित्सा केन्द्र में उपचार हेतु ले जाए तथा मितानिन ए.एन.एम. से ओ.आर.एस. के पैकेट हेतु संपर्क करें।

### लू लगे तो यह न करें

गर्मी के दौरान बाहर न जाए, यदि आपको आवश्यक कार्य के लिए बाहर जाना है तो दिन के शीतलन घंटो के दौरान अपनी सारणी निर्धारित करने का प्रयास करें। अत्यधिक गर्मी के घंटो के दौरान बाहर जाने से बचे (विशेष रूप से दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच), नंगे पैर या बिना चेहरे को ढ़के और बिना सिर ढककर बाहर न जाए।

## अन्य जिले में पदस्थ जिले के अधिकारी-कर्मचारी भी कर सकेंगे डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 07 दुर्ग में 07 मई 2024 को मतदान संपन्न होना है। जिले के ऐसे अधिकारी-कर्मचारी जो अन्य जिलों में पदस्थ है और मतदान हेतु प्रारूप-12 जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित किये हैं। वे सभी बीआईटी कालेज दुर्ग स्थित सुविधा केन्द्र में नियत तिथि को डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी ने कांकेर, महासमुंद, गरियाबंद, धमतरी, बालोद, बेमेतरा, कोण्डागांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई, मानपुर-मोहला-चौकी, रायगढ़, शक्ति, सरगुजा, जांजगीर-चांपा, सुकमा और राजनांदगांव जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र प्रेषित कर अवगत कराया है कि दुर्ग जिले के अधिकारी-कर्मचारी जो जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा के मतदाता है, और आपके जिले में पदस्थ है। ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आपके माध्यम से प्रारूप-12 में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु आवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित किया गया है।

वे सभी जिला दुर्ग स्थित बीआईटी कालेज के साईंस ब्लाक में विधानसभावार स्थापित सुविधा केन्द्र में 28 अप्रैल से 1 मई एवं 4 मई से 6 मई तक तथा पुलिस बल हेतु रक्षित केन्द्र दुर्ग में 28 अप्रैल से 01 मई तक एवं 04 मई को प्रात: 9 बजे से अपरान्ह 5 बजे तक डाक मतपत्र से मतदान कर सकेंगे। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने उपरोक्त जिलों के कलेक्टर को उनके जिले में पदस्थ तथा निर्वाचन कार्य में संलग्न दुर्ग जिले के अधिकारी-कर्मचारियों जिनके प्रारूप-12 जिला निर्वाचन कार्यालय दुर्ग को प्रेषित किये गये हैं। उन्हें उक्त तिथि को दुर्ग जिले में स्थापित डाक मतपत्र सुविधा केन्द्र पर उपस्थित होकर डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु संसूचित करने कहा है।

## आंध्रा देवांग संघम ने मनाया पारिवारिक मिलन समारोह, सांसद विजय बघेल हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आंध्रा देवांग संघम भिलाई द्वारा रविवार को श्रीरामेश्वर महादेव मंदिर सेक्टर-6 परिसर में पारिवारिक मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे।

वहीं विशेष अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सांवल राम डहरे तथा वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के प्रतिनिधि के रूप में संतोश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ रामेश्वर महादेव की पूजा अर्चना के साथ की गई। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों के साथ ही वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

आंध्रा देवांग संघम भिलाई के सदस्य परिवारों के सहयोग हर वर्ष पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन करता आ रहा है। इस वर्ष भी उत्साह पूर्वक पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अथिति सांसद विजय बघेल लोकसभा चुनाव के बिजी शेड्यूल से समय निकाल कर कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने रामेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की और आंध्रा देवांग संघम के पदाधिकारियों से चर्चा की। सांसद विजय बघेल ने समाज की महिला मंडली से भी चर्चा की। सांसद विजय बघेल ने इस दौरान सामाजिक आयोजन के लिए समिति का अभिनंदन किया।



कार्यक्रम में आंध्रा देवांग संघम द्वारा सांसद विजय बघेल सहित विधायक वैशाली नगर रिकेश सेन के प्रतिनिधि संतोष मिश्रा का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के वरिष्ठ जनों को भी मंच पर शॉल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

पारिवारिक मिलन समारोह में बच्चों व महिलाओं के बीच मनोरंजक कार्यक्रम भी हुए। साथ बच्चों के मनोरंजन के लिए हाउजी गेम का भी आयोजन किया किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अध्यक्ष जी भीमा राव, महासचिव के केशव राव, उपाध्यक्ष जी मुकेश, सचिव के यशोदा, सह सचिव एम लोकेश, कोषाध्यक्ष पी रामा राव, उपकोषाध्यक्ष के शंकर राव, सरंक्षक एस चंद्रशेखर, महिला मंडली से अध्यक्ष वाय ईश्वरी, उपाध्यक्ष आई ईश्वरी, सचिव जी पूर्णिमा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी, दुर्ग के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान के तहत, 28 अप्रैल 2024 को इस्पात नगरी, भिलाई में मतदान में जनभागीदारी बढ़ाने के उद्देष्य से एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। यह रैली सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कलामंदिर से प्रारंभ होकर आदर्ष इस्पात ग्राम देवबलोदा के पुरातात्विक षिव मंदिर प्रांगण पर पहुंची, तथा वहां से वापस कलामंदिर लौटकर रैली का समापन हुआ।

मतदाता जागरूकता विषयक इस साइकिल रैली को महात्मा गांधी कलामंदिर प्रांगण में संयंत्र के कार्यपालक निदेशक समीर स्वरुप ने सुबह 6:30 बजे झंडी दिखाकर रवाना किया, तथा रैली का नेतृत्व कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक एस के सोनी, ओए के महासचिव परविंदर सिंह सहित संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगणों ने रैली को रवाना किया।



पवन कुमार के नेतृत्व में कलामंदिर से रवाना हुई इस साइकिल रैली में मुख्य महाप्रबंधक अरूण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक तुषार कांत, महाप्रबंधक वी सी शेखर, महाप्रबंधक अजीत कुमार गुप्ता, उप महाप्रबंधक एस के पाटीदार, उप महाप्रबंधक प्रताप शेखर नायक, उप महाप्रबंधक रेणु गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक योगेष कुमार वर्मा, सहायक महाप्रबंधक अभिलाष गुप्ता, सहायक महाप्रबंधक अभिषेक श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक पुनीत कुमार वर्मा, सहायक महाप्रबंधक शैलेष तिलासी सहित सेवानिवृत्त कर्मचारी आर मूर्ति व आर एस सिंह तथा हरभजन गिल, सुश्री स्मिता भट्टाचार्य, चंदन बघेल, अंषुल सगनानी ने भी रैली में भाग लेकर शत-प्रतिषत मतदान का संदेष दिया।

इसके अतिरिक्त रैली में जिला प्रषासन के गणमान्य व्यक्ति, इस्पात नगरी के नागरिक, भिलाई इस्पात संयंत्र के अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। दुर्ग जिले में अधिक संख्या में मतदान को सुनिष्चित करने के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र, जिला प्रशासन के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

## सभी टीम सजगता एवं सक्रियतापूर्वक करें कार्य- व्यय प्रेक्षक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 7-दुर्ग के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के मद्देनजर अधिकारियों की बैठक ली। व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी ने कहा कि सभी अधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करें। निर्वाचन कार्य को प्रभावित करने वाले कार्य अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य वस्तुओं के जप्ती की कार्रवाई चेक पोस्ट में होते रहनी चाहिए। अंतर्राज्यीय सीमाओं में अवैध शराब, परिवहन एवं अन्य वस्तुओं के परिवहन के लिए संवेदनशील चेक पोस्ट में इसके लिए जागरूक रहते हुए कार्य करें। उन्होंने उड़दनस्ता दल, स्थैतिक निगरानी दल, वीडियो अवलोकन दल, वीडियो निगरानी दल, सी-विजिल एवं एमसीएमसी की टीम को सतर्कता, सजगतापूर्वक एवं सक्रियतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने विगत एक माह में की गई जप्ती कार्रवाई की जानकारी ली। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि अवैध शराब परिवहन, नगदी एवं अन्य सामग्री के परिवहन पर कार्रवाई के लिए पुलिस, आबकारी, जीएसटी, आयकर, परिवहन, एफएसटी, एसएसटी एवं अन्य संबंधित विभाग समन्वय करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी बैंक निर्वाचन के दौरान किसी भी तरह के संदेहास्पद वित्तीय आहरण पर ध्यान देते हुए कार्य करेंगे।

### मिक्स कचरा देख आयुक्त ने दिखाए तेवर, कहा-

## गीला सूखा अलग अलग होने पर ही कलेक्शन बहस करने पर कचरा नहीं उठाएंगे कर्मी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रिसाली। गीला और सूखा मिक्स कचरा देने वालों से निगम सख्ती से पेस आ रहा है। आयुक्त मोनिका वर्मा की उपस्थिति में सोमवार को आजाद मार्केट वार्ड में कर्मियों ने डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया।आयुक्त ने मिक्स कचरा देने वालों को कड़ी फटकार लगाते कहा कि अलग अलग कचरा देने पर ही निगम की गाड़ी कचरा लेगा।

प्रगति नगर क्षेत्र की डोर टू डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था देखने आयुक्त कर्मियों के साथ निकली। घरों से निकलने वाले कचरा का पहले वे अवलोकन करती, निर्देश के बाद ही स्वच्छता दूत कचरा को गाड़ी में डाल रहे थे। कई लोग ऐसे थे जिन्हे मिक्स कचरा के नाम पर आयुक्त की डाट भी खानी पड़ी। हल्का मिक्स कचरा मिलने पर घरों के सामने डस्ट बीन को पहले खाली किया गया। किस तरह से कचरा अलग अलग रखना है उसे बताया गया। वही कई लोगों को यह कहते आयुक्त ने फटकार लगाई कि जब तक गीला सूखा कचरा नहीं मिलेगा कर्मी कचरा नहीं लेंगे।



### सुपरवाइजर की क्लास

लगातार समंझाइस के बाद भी डोर टू डोर व्यवस्था में सुधार नहीं आने पर आयुक्त ने पहले सुपरवाइजर की क्लास ली। काम नहीं करने पर वेतन कटौती के निर्देश दिए। आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि जो गीला सूखा कचरा अलग अलग नहीं देते हैं उनके घर से कचरा लेना बंद कर दे। अगर कोई घर का कचरा सड़क व नाली में फेकता है तो उससे जुर्माना भी ले।

### 30 से ज्यादा नाम सूची में

मिक्स कचरा देने वालों का नाम सूची बद्ध किया जा रहा है। अब तक 30 से ज्यादा नाम नोट किया गया है। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि ऐसे लोगों को अंतिम चेतावनी दी जाए। इसके बाद भी असर नहीं होने पर कचरा लेना बंद कर नाम सार्वजनिक किया जाए।

### सी ग्रेड मिलने पर सुपरवाइजर जिम्मेदार

आयुक्त ने डोर टू डोर व्यवस्था की निगरानी करने तीन चरणों में अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। स्वच्छता दूत के ऊपर सहयोगी। एस एल आर एम सेंटर में कचरा गाड़ी को ग्रेडिंग देने अलग टीम है। पूर्ण रूप से मिक्स कचरा होने पर सी ग्रेड दिया जाता है। सी ग्रेड होने पर संपूर्ण जिम्मेदारी वार्ड सुपरवाइजर की होगी।

## कोक ओवन के कर्मचारी शिरोमणि पुरस्कार से हुए सम्मानित



श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में शिरोमणी पुरस्कार योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट तथा अनुकरणीय कार्य निष्पादन के लिए शिरोमणि पुरस्कार प्रदान किया जाता है। इसी के तहत संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में 29 अप्रैल 2024 को पाली एव कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक तरूण कनरार उपस्थित थे।समारोह में जनवरी से मार्च 2024 तिमाही के लिए कनिष्ठ अधिकारी बसंत लाल बंजारे को पाली शिरोमणी पुरस्कार से नवाजा गया तथा मार्च 2024 के लिए मास्टर ऑपरेटर दीपक कुमार प्रजापति एवं चिकेंद्र कुमार ठाकुर को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पुरस्कार विजेताओं को सम्मान स्वरूप स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र तथा उनके जीवनसाथी के लिए प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया।

तरूण कनरार ने सभी पुरस्कार विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने सभी पुरस्कार विजेताओं को सुरक्षा को प्राथमिकता देकर इसी तरह लगन से कार्य करने रहने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को भी कार्य में निपुण करने के लिए प्रेरित किया। इस समारोह में महाप्रबंधक समीर रायचैधरी, महाप्रबंधक पी वी वी एस मूर्ति, महाप्रबंधक झगर सिंह, महाप्रबंधक बी सी मंडल, महाप्रबंधक एस के पंचभाई सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उपस्थित सभी अनुभाग प्रमुखों ने भी पुरस्कार विजेताओं के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन कार्मिक अधिकारी सुश्री एम तन्मई द्वारा किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950